दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। मंगलवार 30 जुलाई -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 291 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# सीएम योगी ने दी सुगम, सुरक्षित कांवड़ यात्रा की अनेक शुभकामनाएं

## 'कोई भी साधना बिना आत्मानुशासन के पूरी नहीं होती'

**लखनऊ।** देवाधिदेव महादेव का पावन श्रावण मास प्रारंभ हो चुका है। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा जगविख्यात है। उत्तर भारत समेत पूरे देश के अंदर इस दौरान शिवभक्त महादेव के अनुष्ठान में लीन होकर सभी शिवालयों में जलाभिषेक के साथ अपनी असीम भक्ति का प्रदर्शन करते हैं। केंद्र व राज्य शासन ने मिलकर श्रद्धालुजनों की सुरक्षा, सुविधा, सुमग व सुरक्षित कांवड़ यात्रा के लिए अनेक प्रबंध किए हैं।

कहीं कोई दिक्कत, अव्यवस्था न हो, कोई भी आस्था के साथ खिलवाड़ न करने पाए, इन बातों को ध्यान में रखा गया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत की। सीएम ने प्रदेशवासियों को श्रावण मास



के द्वितीय सोमवार की शुभकामना भी दी। सीएम ने कहा कि हम लोग शिवभक्त हैं। महादेव की असीम कृपा हम पर बनी रही है।

महादेव से प्रार्थना करते हैं कि उनकी कृपा सदैव बनी रहे। कोई भी पर्व व त्योहार, साधना बिना आत्मानुशासन के पूरी नहीं होती है। सुगम और सुरक्षित यात्रा के लिए हमें न केवल अंतःकरण, बल्कि बाहरी रूप से भी इस प्रक्रिया के साथ लीन होना पड़ेगा। शिवो भूत्वा शिवं यजेत (शिव बनने के लिए शिव जैसी साधना भी चाहिए)। सीएम योगी ने कहा कि आत्मानुशासन भी चाहिए। तब यह कांवड़ यात्रा न केवल श्रद्धा व विश्वास के प्रतीक, बल्कि आमजन के व्यापक विश्वास का प्रतीक बनकर उभरेगी।

सीएम योगी ने कहा कि असीम श्रद्धाभाव के साथ जनता-जनार्दन व समाज के अलग-अलग तबके के लोग कांवड़ यात्रियों के लिए तत्परता से कार्य कर रहे हैं। सरकार भी बेहतर पेट्रोलिंग, स्वच्छता, स्वास्थ्य शिविर लगाकर अनेक प्रयास कर रही है। आवश्यकतानुसार ड्रोन व हेलीकॉप्टर से निगरानी व पुष्पवर्षा की व्यवस्था भी की है।

# जब डीएम ने पकड़ा बुजुर्ग का हाथ और ले गये अपने साथ सभागार में

## मौके पर बुलाया अधिकारी को और कहा योजना की दी जाये जानकारी और दिलवाया जाये लाभ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कभी-कभी अधिकारी किसी फरियादी के लिए फरिश्ता बन जाते हैं। उसकी ऐसी मदद हो जाती है कि सरकार का बेहद सकारात्मक संदेश एक आम आदमी के मन मस्तिष्क तक पहुंचता है। कुछ ऐसा ही संदेश एक आम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने किया। डीएम इन्द्र विक्रम सिंह कलैक्ट्रेट से निकल कर विकास भवन में वॉटर बॉडी कन्जेर्वेशन से सम्बन्धित बैठक में जा रहे थे। अचानक डीएम की नजर कलैक्ट्रेट के बाहर खड़े एक व्यक्ति पर पड़ी। ये व्यक्ति बहुत परेशान दिख रहा था। उसे देखकर जिलाधिकारी ने उसे अपने पास बुलाया और पूछा कि परेशान दिख रहे हो, क्या समस्या है। तब उस व्यक्ति ने डीएम से गुहार लगायी कि मेरी लड़की को कन्या सुमंगला योजना का लाभ दिलवा दीजिए। मुझे कोई जानकारी नहीं दे रहा है। इतना सुनते ही जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह उस बुजुर्ग व्यक्ति का हाथ





थामा और उसे अपने साथ विकास भवन के दुर्गावति सभागार में ले गये। सभागार में व्यक्ति को बिठाया और जिला प्रोबेशन अधिकारी को बुलाया और उन्हें आदेश दिये कि विजय नगर के रहने वाले नरेन्द्र नाम के इस व्यक्ति को अपने साथ ले जाकर योजना की जानकारी दी जाये और नियमानुसार लाभ दिलवाया जाये। इसके बाद उस व्यक्ति को योजना की जानकारी दी गई।

### डीएम ने कहा प्रत्येक व्यक्ति को दी जाये योजना की पूर्ण जानकारी

करंट क्राइम। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिये कि यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी योजना के बारे में जानने के लिए आता है तो उसे योजना की पूर्ण जानकारी दी जाये। उन्होंने कहा कि कन्या सुमंगला योजना का लाभ नियमानुसार दिलवाने के लिए आदेश दिये गये हैं।

### दस्तावेज लाने और पात्रता पाये जाने पर दिया जायेगा योजना का लाभ

करंट क्राइम। वहीं जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि नरेन्द्र कुमार नामक व्यक्ति विजय नगर का रहने वाला है। नरेन्द्र कुमार को कन्या सुमंगला योजना के बारे में पूरी जानकारी दे दी गई है। उन्हें कन्या सुमंगला योजना का कार्ड भी दिया गया है। व्यक्ति के पास योजना हेतु पूरे दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। नरेन्द्र ने बताया है कि वह अगले एक दो दिन में दस्तावेज जमा कर देंगे। जैसे ही नरेन्द्र दस्तावेज लायेंगे और उनकी पात्रता पाये जाने पर उन्हें तुरंत ही कन्या सुमंगला योजना का लाभ दिलवा दिया जायेगा।

# दो अगस्त के बाद भाजपा में होगा संगठन से लेकर सरकार तक बदलाव!

## किसी को मिलेगा बैकअप तो किसी का होगा पैकअप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवा सियासत में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। सबकुछ ठीक नहीं वाली बातें सत्ता के गलियारों से लीक होती हैं तो पता चलता है कि कई बड़े चेहरे पॉवर के सेंटर पर वीक है। माना ये जा रहा है कि कहीं ना कहीं कुछ तो ट्यूनिंग ऐरर चल रहा है। लोकसभा चुनावों के नतीजें के बाद भगवा खेमे में ही कई फजीते दिखाई और सुनाई दे रहे हैं। कभी दिल्ली मुलाकातों का शोर सुनाई देता है तो कभी डिप्टी सीएम का बयान आ जाता है। सूत्र बताते हैं कि अब इस मामले का पटाक्षेप करने के लिए शीर्ष नेतृत्व ने हस्तक्षेप की तैयारी कर ली है। सूत्रों की मानें तो जलाभिषेक के बाद कई चेहरों की राजनीति का अभिषेक हो जायेगा।

सूत्र बताते हैं कि 2 अगस्त के बाद भाजपा में संगठन से लेकर सरकार तक बदलाव हो सकता है। एक बड़े स्तर पर परिवर्तन के संकेत मिल रहे हैं। ये संकेत संगठन स्तर से लेकर सरकार स्तर पर होंगे। सूत्र बताते हैं कि अब शीर्ष नेतृत्व ने ये मान लिया है कि ट्यूनिंग ऐरर चल रहा है बिना बदलाव के अब काम नहीं चलने वाला है। सूत्र बता रहे हैं कि कई बड़े परिवर्तन होंगे औरये चौंकाने वाले परिवर्तन होंगे। सरकार से लेकर संगठन तक बदलाव होगा। किसी को क्राउन मिलेगा और किसी का सियासी स्टेटस डाऊन होगा। किसी की हाशिये पर पड़ी राजनीति को एक बड़ा पॉवर ला बैकअप मिलेगा तो किसी की राजनीति का पैकअप हो सकता है। फिलहाल तैयारियां शुरू हो गई हैं और 2 अगस्त के बाद ये असर दिखाई देंगे।

# नंदग्राम के घूकना में खसरा नं. 376 में महापौर के पत्र पर निगम ने की कार्रवाई

## सरकारी भूमि कब्जा करने वालों को नगर दिखाएगा जेल का रास्ता : महापौर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद नगर निगम ने नंदग्राम के घूकना में सोमवार को भू-माफियाओं पर बड़ी कार्यवाही की। खसरा नं. 376 में 1640 वर्गमीटर भूमि पर धीरे-धीरे कब्जा कर लिया था। कब्जा करने वाले गांव सिहानी के कन्हैया हैं। पूर्व में भी नगर निगम ने उक्त भूमि पर कार्रवाई कर अपना बोर्ड लगवाया था लेकिन भू-माफिया इतने सक्रिय हैं कि चंद महीनों में फिर से भूमि पर कब्जा कर लिया गया और मकान बना दिया। महापौर सुनीता दयाल को इस भूमि पर कब्जा होने की जानकारी अखबारों के माध्यम एवं एक शिकायतकर्ता से मिली। महापौर ने तत्काल प्रभाव से नगर आयुक्त को पत्र भेजा और निगम ने प्रभावी कार्यवाही को अंजाम दिया। यहां तक की कब्जा





करने वाले व्यक्तियों की फोटो भी कैमरे में कैद की गई, और उसी आधार पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की गई है। ऐसे ही एक बोर्ड नंदग्राम के मरियम नगर में भी लगा है जिस पर कुछ भू-माफियाओं ने मकान बना लिया है, जिसका जिक्र महापौर ने अपने पत्र में किया है। जल्द ही नगर निगम उस पर भी कार्रवाई करेगा।




# 3 अगस्त को लोकसभा में गूंजेगी सांसद अतुल गर्ग की आवाज

## वो पूछेंगे क्यों नहीं हुई हिंडन एयरपोर्ट से उड़ान वाली परवाज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने लोकसभा के उन मुद्दों को उठा दिया है जो यहां की जनता से जुड़े हैं। वो उन मुद्दों को उठा रहे हैं जिन पर सरकार ने पैसा तो खर्च किया है लेकिन यहां की जनता को लाभ नहीं मिला है। वो सड़क से लेकर आसमान तक के सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने लोनी के सहारनपुर मार्ग का मुद्दा उठाया है तो हिंडन के डोमेस्टिक एयरपोर्ट से आज तक उड़ान क्यों नहीं शुरू हुई है इस मामले को संसद तक ले आये हैं। पांच साल पहले एयरपोर्ट शुरू हुआ और ऐसा क्या हुआ कि यहां से उड़ान वाली परवाज ही नहीं है। अतुल गर्ग ने संसद में इसके लिए सवाल लगाया था और सूत्र बताते हैं कि इसका जवाब लिखित में मिला है। सूत्र बता रहे हैं कि बात यहीं खत्म नहीं होगी और बात अब शून्यकाल में संसद में आयेगी। 3 अगस्त को भी ये आवाज आ सकती है और 4 अगस्त को भी ये मुद्दा उठ सकता है।

सूत्र बता रहे हैं कि हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट की उड़ान से जड़ा मामला लोकसभा में गूंजेगा। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के द्वारा इस मुद्दे को उठाने के बाद उड़ान मंत्रालय में सगुबुगाहट शुरू हो गई है। कहा भी यही जा रहा है कि जल्द ही यहां से फ्लाईट शुरू हो जायेगी। लेकिन सूत्रो की माने तो जल्द फ्लाईट से पहले मुद्दा ये उठेगा कि अब तक फ्लाईट किन कारणों से शुरू नहीं हुई।

# बड़ी सफलता : पांच करोड़ के साइबर फ्रॉड का खुलासा

## साइबर थाना पुलिस ने खोलीं 21 राज्यों की ढाई सौ घटनाएं

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के साइबर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद तीन शातिर साइबर क्रिमिनल्स को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान पुलिस ने 22 राज्यों के ढाई सौ मामले खोलने का दावा किया है। इन सभी मामलों में कुल मिलाकर पांच करोड़ रुपए का साइबर फ्रॉड हुआ था। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से अपराध में इस्तेमाल किए गए तीन मोबाइल और आठ लाख रुपए की नगदी बरामद की है।

पुलिस का कहना है कि शातिर संजय कटियार से फ्रॉड करके पुलिस के ट्रैप में आ गए। शातिरों नेसंजय कटियार से 24 जनवरी, 2024 से 25 अप्रैल, 2024 के बीच में क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश कराने के नाम पर शातिरों ने 1.37 करोड़ रुपए अलग- अलग खातों में ट्रांसफर कराए थे। संजय कटियार की ओर से मामले में एक मई, 2024 को साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

इस गैंग के सदस्यों द्वारा उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले के जितेन्द्र विश्वकर्मा थाना क्षेत्र साइबर क्राइम के साथ 1,01,000 रुपये , रिचा वर्मा निवासी थाना क्षेत्र गोमती नगर एक्सटेंशन के साथ 1,75,42,079 रुपये, सौरभ सिंह पटेल निवासी थाना क्षेत्र आलमबाग के साथ 20,44,400 रुपये का साइबर फ्रॉड किया गया है। इस गैंग के द्वारा फर्जी क्रिप्टो ट्रेडिंग साइबर अपराध कर 21 राज्यों में 250 घटनाओं में कुल 5 करोड से अधिक रुपये का साइबर फ्रॉड किया गया है।

### पुलिस के हत्थे चढ़े शातिर



संजय से साइबर फ्रॉड करने वाले प्रदीप कुमार पुत्र एवरन सिंह मूल निवासी जनपद फरुखाबाद, सुमित कुमार पुत्र छगनलाल निवासी अलवर, राजस्था और आकिफ फरहान खान उर्फ मनन पुत्र वसी अहमद खान निवासी राउरकेला, उड़ीसा को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने संजय से ठगी गई रकम से आठ लाख रुपए बरामद करने का दावा किया है। प्रदीप फिलहाल दिल्ली के शास्त्रीनगर और सुमित सुल्तानपुरी इलाके में रहता है जबकि आकिफ दिल्ली आता- जाता रहता है।

### फर्जी फर्म के खातों में ट्रांसफर कराते थे रकम

यह गैंग फर्जी फर्म बनाकर उनके नाम से बैंक में करंट एकाउंट खोल लेते थे और ग्रुप पर उपलब्ध कराए गए लिंक के जरिए शिकार को फर्जी फर्म से जोड़ देते थे। फर्जी फर्म की ओर से जो भी कम्यूनिकेशन किया जाता था वह फर्जी नाम पते पर निकाले गए सिम का प्रयोग करके ही किया जाता था। झांसे में आकर लोग निवेश के नाम पर फर्जी फर्म के एकाउंट में रकम ट्रांसफर कर देते थे। शुरु में मुनाफा बताकर कुछ रकम लौटाने के बाद मोटा निवेश करवा लेते थे।

# गाजियाबाद में तोड़ी बोलेरो : गलत लेन में आने पर भड़के कांवड़िये, पुलिस के स्टीकर और हूटर भी काम न आए

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांवड़िए से टच होने पर सोमवार को पुलिस लिखी बोलेरो का अंजाम भी मुरादनगर की होंडा सिटी वाला हो गया। बताया जा रहा है कि पुलिस लिखी बोलेरो ने भी कांवड़ियों के लिए रिजर्व लेन में जाने की जुर्रत की थी। यूपी - 14 नंबर की इस बोलेरो पर पुलिस के स्टीकर और हूटर सब लगे हुए हैं, हालांकि इस गाड़ी को पुलिस निजी बता रही है। पता चला है कि उक्त बोलेरो पावर कार्पोरेशन के विजिलेंस विभाग द्वारा इस्तेमाल की जा रही थी, ऐसे में संभावना इस बात की भी है कि बोलेरो गाड़ी विभाग ने किराए पर ले रखी हो। आरटीओ में गाडी का पंजीकरण किन्हीं त्यागी के नाम पर है।

### मेरठ रोड पर दुहाई के पास घटना

पुलिस लिखी बोलेरो कांवड़ मार्ग पर दुहाई के पास कांवड़ियों के गुस्से का



शिकार हुई। यह क्षेत्र थाना मधुबन बापूधाम में लगता है। कांवड़ियों ने डंडे बरसाकर पहले बुरी तरह तोड़फोड़ की और उसके बाद पलट दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मुश्किल से कांवड़ियों को शांत किया। पुलिस का कहना है कि एक कांवड़िए को मामूली टक्कर लगने की बात सामने आई है। मामले की जांच की जा रही है। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा और बढ़ाई जा रही है, ताकि इस तरह के हादसे होने से पहले ही स्थिति संभाली जा सके।

**27 जुलाई को मुरादनगर में हो चुकी ऐसी घटना :** बता दें कि 27 जुलाई को मुरादनगर थानाक्षेत्र में एक कांवड़ खंडित होने पर ऐसी घटना हुई थी। कांवड़ियों ने एक निजी होंडा सिटी को बुरी तरह डंडे बरसाकर तोड़ने के बाद पलट दिया था।

मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के दुहाई मेट्रो स्टेशन के पास बोलेरो की कांवड़िए से टक्कर हो गई। आक्रोशित होकर कांवड़ियों द्वारा गाडी में तोड़-फोड़ कर दी गई। थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। जाँच में पता चला है कि उक्त गाडी को अवनीश त्यागी नामक चालक चला रहा था, जिसके द्वारा कांवड़ियों के लिए आरक्षित लेन में अनाधिकृत प्रवेश किया। चालक तथा गाडी दोनों को कब्जे में ले लिया गया है। चालक द्वारा यह गाडी पावर कार्पोरेशन विजिलेंस के लिए चलाई जाती है। साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही की जा रही है।



एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव

# अपनी पहचान और ताकत बढ़ाने के लिए एकजुट हो रहा पंजाबी समाज

## सर्व पंजाबी समाज की क्षेत्रीय मीटिंग रेलवे रोड बजरिया में हुई संपन्न

### पंजाबी समाज ने भरी हुंकार, सबसे आगे होंगे हम सरदार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सर्व पंजाबी समाज की क्षेत्रीय मीटिंग रविवार को रेलवे रोड बजरिया में की गई जिसकी अध्यक्षता महेश आहूजा एवं मंच संचालन गुलशन भामरी ने किया। पंजाबी समाज अपनी पहचान और ताकत को बढ़ाने के लिए छोटे मगर प्रभावी पारिवारिक और क्षेत्रीय बैठकों के माध्यम से एकजुट हो रहा है। इन छोटी-छोटी बैठकों का उद्देश्य आगामी उपचुनावों में सबसे सशक्त प्रत्याशी को उतारना है, चाहे वह किसी भी पार्टी से लड़े या निर्दलीय। रविवार की बैठक में इस दिशा में एक महत्वपूर्ण योजना बनाई गई। इस बैठक में बजरिया क्षेत्र के स्थानीय दुकानदारों ने भी हिस्सा लिया और तन-मन-धन से सहयोग का वादा किया। ये बैठकें स्थानीय निवासियों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जिससे वे आसानी से पास की मीटिंगों में शामिल हो सकें और संगठित होकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर सकें। आगामी एक-दो दिनों में 21 सदस्यों की एक कार्यकारी समिति का गठन किया जाएगा, जो विभिन्न क्षेत्रों में और भी छोटी-छोटी बैठकों का आयोजन करेगी। इस समिति के दिशा-निर्देशों में हर क्षेत्र के पंजाबी समुदाय को एकजुट करने की योजना बनाई जाएगी।

### 'एक पंजाबी 100 शेरों के बराबर'

**करंट क्राइम।** इन बैठकों की संख्या में 30 से 40 लोग शामिल होते हैं, लेकिन यह माना जाता है कि एक पंजाबी 100 शेरों के बराबर होता है। पंजाबी समाज को उम्मीद है कि यह 30 से 40 लोग आगे 300 से 400 लोगों को जोड़ने की क्षमता रखते हैं। क्षेत्रीय बैठकों से जन जागरण पैदा होगा और सभी की राय से जल्द ही एक बड़ा कार्यक्रम होगा जिसमें 1000 से 2000 के करीब लोगों को बुलाया जाएगा। यह छोटी-छोटी मंथन करती क्षेत्रीय बैठकों की सुगबुगाहट जल्द ही बड़ी धमक में सुनाई देगी।

### 'सत्ताधारी और दूसरी पार्टियां भी पंजाबियों की तरफ देखने को मजबूर'

**करंट क्राइम।** इस प्रकार की छोटी-छोटी बैठकों से समाज में एकजुटता और संगठन की भावना बढ़ रही है। इन छोटी-छोटी बैठकों से विचारों का मंथन होना बहुत आवश्यक है जो आने वाले समय में एक सशक्त सेना का काम करेगी। पंजाबियों की यह कोशिश है कि उनकी इस पहल से समाज को एक सशक्त और सक्षम नेतृत्व मिल सके, जो समाज के सभी हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करेगा। इसी कारण सत्ताधारी पार्टी और दूसरी पार्टियां भी पंजाबियों की तरफ देखने को मजबूर हो रही हैं क्योंकि इस उपचुनाव में लगभग एक लाख पंजाबी वोट देकर अपनी भूमिका निभाएंगे और यह सभी चुनाव के लिए एक निर्णायक बिरादरी भी साबित हो सकती है। आने वाले समय में यह छोटी बैठक यानी के नुक्कड़ बैठकों का और अधिक आयोजन किया जाएगा।

### 'बैठक में तय हुआ कि पंजाबी चुप बैठने वाले नहीं'

**करंट क्राइम।** सभी शहर की जितनी भी पंजाबी सभाएं हैं उनके अध्यक्षों को बुलाकर भी रणनीति तैयार की जाएगी। रविवार की बैठक में यह तय हुआ कि अब पंजाबी चुप बैठने वाले नहीं है। इस बैठक में महेश आहूजा, गुलशन भामरी, सतीश चोपड़ा, सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू, अनिल अरोड़ा, अजय टंडन, गुरी जनमेजा, विनय कक्कड़ (कवि नगर), संजय रैना, डॉ. ऋचा सूद, रवि कालिया, विनय कक्कड़ ( गुलमोहर), राजकुमार अरोड़ा, अजीत सिंह, अजय गांधी, आरके चोपड़ा, अवतार सिंह, जसवंत राय, मारवा प्रवीण अरोड़ा, संजय गांधी, नवीन अरोड़ा, दिनेश अरोड़ा, यशपाल अरोड़ा, विक्रम मित्र, राजीव खेड़ा, अजय प्रताप सोहर, महेश कुमार और भी बहुत से स्थानीय दुकानदार व व्यापारी लोगों ने भाग लेकर अपनी राय रखी। आह्वान किया कि जो लोग भी बड़ी मीटिंग में अपना योगदान दे सकते हैं वह गुरी जनमेजा, महेश आहूजा, अनिल अरोड़ा, गुलशन भामरी, इंद्रजीत सिंह टीटू, सतीश चोपड़ा से संपर्क कर सकते हैं।

# कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में छात्रों की मौत का मुद्दा राज्यसभा में गरमाया

## सुधांशु त्रिवेदी ने दिल्ली की आप सरकार के घेरा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में एक यूपीएससी कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से पिछले सप्ताह हुई तीन छात्रों की मौत का मामला सोमवार को कई सांसदों ने राज्यसभा में उठाया। भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए भवन निर्माण और नालों की सफाई का ब्योरा मांगा। उन्होंने दिल्ली में विज्ञापन खर्च में हुई पचास गुना बढ़ोत्तरी पर भी सरकार को घेरा। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, ह्लइस पूरे मामले में चार पक्ष हैं। पहला, बेसमेंट में काम करने की इजाजत किस विभाग ने दी? दूसरा, यदि वह इजाजत दी गई तो क्या इसके बाद कोई जांच हुई? तीसरा यदि उसकी शिकायत की गई तो क्या उस शिकायत पर कोई कार्रवाई की गई या नहीं? और चौथा, आसपास के सीवरों को साफ किया गया या नहीं? अफसोस की बात है कि दिल्ली सरकार, जो अपने कामों का चारों तरफ प्रचार करती है, वह आज तक इस बात का प्रमाणिक आंकड़ा नहीं दे पाई है कि सीवर लाइन के कीचड़ की सफाई के लिए क्या किया है, ताकि आगे इस प्रकार की घटनाएं न हों।दिल्ली जल बोर्ड के 74 हजार करोड़ रुपये के घाटे पर उन्होने कहा, ह्लयह सर्वविदित है कि जब से वह सरकार में आए हैं, जल बोर्ड का घाटा 74 हजार करोड़ रुपये हो गया है। दिल्ली के सरकारी संस्थान घाटे में जा रहे हैं, उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं, लगातार शिकायतें आ रही हैं, इसके बावजूद उनके (आम आदमी पार्टी के) ऊपर कोई प्रभाव नजर नहीं आ रहा है।

भाजपा सदस्य ने कहा कि अब जरूरी है कि सदन इस विषय पर बहुत गंभीरता से विचार करे। उन्होंने जानना चाहा कि इन विषयों पर कार्रवाई न करते हुए सरकार क्या कर रही है? उन्होंने सिर्फ बयानबाजी की है। वह इस विषय पर वास्तविकता रखने की स्थिति में ही नहीं हैं। त्रिवेदी ने पूछा कि उन्होंने दिल्ली सरकार ने इस मद में कितना व्यय किया है? उन्होंने कहा कि दूसरी चीजों पर उसने बहुत व्यय किया है, यह सभी जानते हैं।वर्ष 2012-13 में जब कांग्रेस की सरकार थी तो विज्ञापन पर 13-14 करोड़ रुपए व्यय होता था जो आज 568 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा, मैं जानना चाहता हूं कि इमारतों के निर्माण, रखरखाव पर, और सीवरों की सफाई पर इस सरकार ने कितना व्यय किया है? देश की जनता को अधिकार है जानने का कि यदि विज्ञापन पर 50 गुना खर्च हुआ है तो सीवर की सफाई पर, इमारत निर्माण में कितना खर्च हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार शाम हुई बारिश से ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर गया था। पानी में डूबने से यूपीएससी की तैयारी करने वाला दो छात्राओं और एक छात्र की मौत हो गई थी। राजेंद्र नगर थाने में इस मामले में केस दर्ज किया गया है। इस मामले को लेकर संसद के भीतर और बाहर भाजपा दिल्ली सरकार पर हमलावर है।

## न्यूज डायरी

### कब खत्म होगा मीठे पानी का इंतजार, 60 गांवों के लोग खारे पानी से बुझाते प्यास

**अलीगढ़।** अलीगढ़ जिले के 60 गांवों को मीठे पानी का इंतजार है। जलनिगम ने जो प्रोजेक्ट बनाया था, उसके मुताबिक 15 अगस्त 2023 तक इन सभी गांवों में पाइपलाइन बिछाकर मीठे पानी की सप्लाई हो जानी थी, लेकिन अभी तक इन गांवों में पानी पहुंचाने के लिए 280 किलोमीटर की जो पाइपलाइन बिछाई जानी थी वह ही नहीं बिछ पाई है। जिस तरह से काम चल रहा है, उससे लगता नहीं कि अभी फिलहाल इन गांवों को खारे पानी से मुक्ति मिलने जा रही है।



वैसे तो अलीगढ़ के 210 गांवों में खारे पानी की समस्या थी। अफसरों का दावा है कि जल जीवन मिशन योजना के तहत 150 गांवों में पाइपलाइन बिछाकर मीठे पानी की सप्लाई शुरू कर दी गई है, जिसमें टप्पल ब्लॉक क्षेत्र के 23 गांव, गोंड़ा ब्लॉक के 19 गांव, चंड़ौस के 14 , लोधा के 12, धनीपुर के 6, गंगीरी के 8, अतरौली के 10, जवां के 13, इगलास के 18 गांवों तक पाइपलाइन से पानी पहुंचने लगा है। यहां के लोगों को खारे पानी से मुक्ति मिल गई है। मगर इस प्रोजेक्ट की लेटलतीफी के कारण टप्पल के 17 गांव, गोंडा के 19 गांव, खैर के 24 गांव और चंडौस के 02 गांव आज भी खारे पानी से अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

### जल जीवन मिशन में बनी पानी की टंकी

केंद्र सरकार ने गांवों में पीने के पानी को पहुंचाने के लिए 15 अगस्त 2019 को जल जीवन मिशन योजना शुरू की थी। योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के घरों में जल कनेक्शन किए जा रहे हैं। वर्ष 2024 के अंत तक सभी ग्राम पंचायतों में हर व्यक्ति तक स्वच्छ जल पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। एक गांव में औसतन डेढ़ से ढाई करोड़ तक की धनराशि खर्च हो रही है।

### 7 गांवों के पानी में बढ़ा है टीडीएस, पड़ोस के गांव से देंगे पानी

टप्पल ब्लॉक के हामिदपुर, गौराला, नगला खुर्द, जलालपुर, गोंडा में नगला जुझार, मुमरेजा, ढांडौली गांव में पानी पीने योग्य नहीं मिल सका है। यहां पानी में टीडीएस की मात्रा काफी अधिक मिली है। लिहाजा विभाग किसी पास के गांव से पानी की सप्लाई को योजना तैयार कर रहा है। किसी दूसरे गांव में ही बोरिंग करके वहां टंकी बनाकर पानी की सप्लाई होगी। जल जीवन मिशन योजना के पहले चरण में 150 ग्राम पंचायतों में पीने का मीठा पानी उपलब्ध कराया जा चुका है। यहां ग्रामीणों को नल के कनेक्शन दिए जा रहे हैं।

# दो हेड कांस्टेबल भाई और भांजा लाइन हाजिर

### अवैध वसूली के आरोप.. एसपी ने की कार्रवाई



**अमरोहा।** अमरोहा एसपी ने तीन सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया है। तीनों पर अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। जांच में पता चला है कि तीनों आपस में रिश्तेदार हैं। डिडौली कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात दो सगे भाइयों और उनके कांस्टेबल भांजे को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया। तीनों पर अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। इतना ही नहीं कोतवाली की गोपनीयता को भंग कर रहे थे। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि डिडौली कोतवाली में हेड कांस्टेबल दारा सिंह, सोनू और कांस्टेबल ऋषिकेश तैनात थे। ऋषिकेश कोतवाली की सरकारी गाड़ी पर चालक है। दारा सिंह और चालक ऋषिकेश दोनों सगे भाई हैं।सोनू इनका भांजा लगता है। इसकी जानकारी किसी को नहीं थी। एसपी ने बताया कि इन पर भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के लगातार आरोप लग रहे थे। जबकि तीनों थाने की गोपनीयता को भंग कर रहे थे। मामले की जांच कराई गई तो कुछ आरोप सही पाए गए। प्रकरण को गंभीरता से लेकर हेड कांस्टेबल दारा सिंह, सोनू और कांस्टेबल ऋषिकेश को शनिवार को लाइन हाजिर कर दिया है। चालक ऋषिकेश की जगह पुलिस लाइन में तैनात चालक मनोज कुमार को डिडौली कोतवाली में तैनात किया गया है। कांस्टेबल दारा सिंह पर यह भी लगा आरोप कोतवाली क्षेत्र के सहसपुर अलीनगर निवासी सरताज ने एसपी को शिकायतीपत्र देकर आरोप लगाया था कि 17 जून की सुबह 10 बजे वह अपने घर पर थे। तभी डिडौली कोतवाली में तैनात दारा सिंह एक दरोगा के साथ घर पहुंचा और सरताज के खिलाफ राजस्थान का वारंट बात कर जबरदस्ती रामहट रोड पर ले गया।

# हिंदुस्तान के युवाओं व किसानों के लिए मोदी सरकार ने तैयार किया चक्रव्यूह : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बजट में सरकार ने मिडिल क्लास और किसानों को कुछ नहीं दिया। राहुल गांधी ने कहा, ह्लअन्नदाता ने सरकार से सिर्फ एक चीज मांगी थी, वो है लीगल एमएसपी गारंटी। अगर सरकार बजट में इसका प्रावधान कर देती, तो जो किसान आपके चक्रव्यूह में फंसे हुए हैं, वे बाहर निकल पाते। मैं इंडी गठबंधन की तरफ से देश के किसानों से कहना चाहता हूं। हम किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी देंगे। राहुल गांधी ने चर्चा के दौरान अभिमन्यु का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ह्लहजारों साल पहले अभिमन्यु को चक्रव्यूह में छह लोगों ने मारा था। चक्रव्यूह का दूसरा नाम है-पद्मव्यूह, जो कमल के फूल के शेप में होता है। इसके अंदर डर और हिंसा होती है। 21वीं सदी में एक और चक्रव्यूह तैयार किया गया है, जो अभिमन्यु के साथ हुआ, वही हिंदुस्तान के युवाओं, किसानों और माताओं-बहनों के साथ किया जा रहा है। उन्होंने भगवान शिव और त्रिशूल की बात करते हुए कहा, ह्लमैंने अपनी पिछले भाषण में कुछ धार्मिक मुद्दों पर बात की थी। इसमें भगवान शिव के त्रिशूल और सांप का उल्लेख किया था। मैंने उस अभय मुद्रा की भी बात की थी। आज देश में डर का माहौल है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वित्त मंत्री पर तंज कसते हुए कहा, ह्लवित्त मंत्री ने बजट में इंटर्नशिप प्रोग्राम की बात की। ये एक मजाक है, क्योंकि आपने कहा कि इंटर्नशिप प्रोग्राम देश की 500 बड़ी कंपनियों में होगा। 99 फीसद युवाओं का इस प्रोग्राम से कोई लेना-देना नहीं है। आपने पहले टांग तोड़ दी, फिर आप बैंडेज लगा रहे हैं। सच्चाई ये है कि आपने बेरोजगारी और पेपर लीक का चक्रव्यूह बना दिया है। युवाओं के लिए पेपर लीक आज सबसे बड़ा मुद्दा है, लेकिन बजट में इसकी बात नहीं की गई। इसके उलट आपने शिक्षा का बजट घटा दिया।

# नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा, यह 'पद नहीं, जिम्मेदारी है'




**पटना।** बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की जड़ हैं और जब जड़ है, तभी पूरा पेड़ हरा-भरा है। मैं जड़ को कभी नहीं भूलूंगा। संगठन को मजबूत करते हुए अगले साल होने वाले चुनाव में जीत एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि कार्यकताओं के सहयोग और मार्गदर्शक मंडल के मार्गदर्शन से दो-तिहाई से ज्यादा बहुमत से अगला चुनाव जीतेंगे। जायसवाल ने इतना बड़ा दायित्व देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को धन्यवाद देते हुए उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह पद नहीं, मुझे जिम्मेदारी मिली है और मैं भरोसा देता हूं कि रात-दिन मेहनत कर इस जिम्मेदारी को निभाने की कोशिश करूंगा। उन्होंने आशा जताते हुए कहा कि बिहार के वरिष्ठ नेताओं की टीम का सहयोग और राष्ट्रीय नेतृत्व का भी मार्गदर्शन मिलता रहेगा। उन्होंने कार्यकताओं को भरोसा देते हुए कहा कि कोई भी उपेक्षित नहीं रहेगा, सभी कार्यकताओं को सम्मान देने का काम किया जाएगा।

आपके सुझाव को सुनने के लिए मैं हमेशा तैयार रहूंगा। आगे चुनौतियां भी हैं। लेकिन, इन्हीं चुनौतियों को अवसर में बदलने का काम भाजपा का है। इससे पहले पटना पहुंचने पर नवनियुक्त बिहार भाजपा अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया।

## मृतक छात्रों के परिजनों को एक-एक करोड़ का मुआवजा मिले : अखिलेश यादव

लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र



**नई दिल्ली।** दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित यूपीएससी कोचिंग सेंटर में पानी भरने से छात्रों की हुई मौत के मामले में सियासत तेज हो गई है। सड़क से लेकर संसद तक छात्रों की मौत का मामला गरमाया हुआ है। सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने मृतक छात्रों के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग की है। अखिलेश यादव ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नाम पत्र लिखकर कहा, शून्य काल में मैंने नई दिल्ली में हुई दुर्घटना के संबंध में आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए उल्लेख किया था कि पुराने राजेंद्र नगर में चल रहे राव आईएएस कोचिंग सेंटर में हुई दर्दनाक घटना में तीन प्रतियोगी छात्रों की मौत ने जनमानस को झकझोर दिया है। इस घटना से अन्य प्रतियोगी छात्रों के मन में भय व्याप्त हो गया है तथा उनके भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। आपसे अनुरोध है कि सरकार को निर्देश दिया जाए कि मृतक छात्रों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए की मुआवजा राशि सरकार द्वारा प्रदान की जाए। इस घटना की जिम्मेदारी तय कर सरकार अविलंब कठोर कार्रवाई करे। दरअसल, दिल्ली में शनिवार शाम हुई बारिश से ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके स्थित एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर गया था।

# गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में बनेगी देश की पहली टनल पार्किंग, चारधाम यात्रा में होगी उपयोगी साबित



**देहरादून।** चारधाम यात्रा सहित सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण उत्तरकाशी जिले के गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में दो टनल पार्किंग बनाने का प्रस्ताव जिला प्रशासन ने शासन को भेजा था।प्रदेश सरकार ने एनएचआईडीसीएल को डीपीआर तैयार करने का जिम्मा सौंपा है। देश की पहली टनल पार्किंग उत्तरकाशी के गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में बनने जा रही है। प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) को दोनों पार्किंग की डीपीआर तैयार करने का जिम्मा सौंपा है। एनएचआईडीसीएल ने गंगोत्री में पार्किंग के लिए भूमि का चयन भी कर लिया है। वहीं, यमुनोत्री धाम के लिए दो स्थानों पर सर्वे चल रहा है। चारधाम यात्रा सहित सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण उत्तरकाशी जिले के गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में दो टनल पार्किंग बनाने का प्रस्ताव जिला प्रशासन ने शासन को भेजा था।

### बर्फबारी के दौरान सेना भी टनल पार्किंग का कर सकेगी प्रयोग

शासन ने इसे आगे बढ़ाते हुए दोनों टनल पार्किंग के निर्माण की डीपीआर तैयार करने और एनओसी संबंधित प्रक्रिया के लिए एनएचआईडीसीएल को 77 लाख रुपये की धनराशि भी अवमुक्त की है।एनएचआईडीसीएल ने गंगोत्री में टनल पार्किंग के लिए धाम से करीब चार किमी पहले भूमि का चयन किया है। वहीं, यमुनोत्री धाम में दो स्थानों पर जगह के लिए सर्वे किया जा रहा है। गंगोत्री धाम में प्रस्तावित पार्किंग इसलिए भी महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि चारधाम यात्रा में तो यह उपयोगी साबित होगी ही, साथ ही भारत-चीन अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बर्फबारी के दौरान सेना भी इस टनल पार्किंग का प्रयोग कर सकेगी।

### दोनों धामों में 400-400 वाहनों की पार्किंग प्रस्तावित

जिला विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता विनीत रस्तोगी ने बताया, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में 400-400 वाहनों की पार्किंग प्रस्तावित है। इसमें वाहन एक ओर से अंदर जाएंगे और दूसरी ओर से बाहर आएंगे। इन दोनों टनल पार्किंग के निर्माण से चारधाम यात्रा मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव कम हो जाएगा। पार्किंग बनने से करीब आठ हजार यात्री लाभान्वित होंगे।

# एमसीडी का बड़ा एक्शन, अतिक्रमण पर गरजे बुलडोजर, जेई बर्खास्त और एई किए निलंबित




**नई दिल्ली।** दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर में एक आईएएस कोचिंग संस्थान में डूबने से तीन छात्रों की मौत के बाद नालों पर अतिक्रमण हटाने के लिए काम शुरू कर दिया है। प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त कर दिया है। इसके अलावा सहायक इंजीनियर को निलंबित कर दिया गया है।

दिल्ली के राजेंद्र नगर के स्टडी सेंटर में हुए हादसे के बाद एमसीडी ने बड़ा एक्शन लिया है। एमसीडी के बुलडोजर अतिक्रण हटा रहे हैं। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मौके पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौजूद हैं। एमसीडी आयुक्त ने ओल्ड राजेंद्र नगर हादसे के मामले में अभियंत्रिक विभाग के कनिष्ठ अभियंता को बर्खास्त किया है यह कनिष्ठ अभियंता अनुबंध के आधार पर एमसीडी में कार्यरत था इस तरह के कर्मचारियों को सीधा बर्खास्त करने का प्रावधान है वहीं विभाग के सहायक अभियंता को निलंबित किया है इसके अलावा अधिशासी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एमसीडी आयुक्त ने यह कार्रवाई इलाके के नालों की सफाई नहीं होने के साथ-साथ सड़कों पर अतिक्रमण होने के मामले में की है। एमसीडी की ओर से अभी नियमों का उल्लंघन करके बेसमेंट में लाइब्रेरी चलाई जाने की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं होने और नियमों का पालन नहीं कराने के संबंध में भी बिल्डिंग विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी है इस संबंध में दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल की ओर से गठित कमेटी की सिफारिश आने के बाद करवाई होगी। उधर, ओल्ड राजिंदर नगर की घटना पर डीसीपी सेंट्रल एम हर्ष वर्धन ने कहा कि ऱहमने इस मामले में पांच और लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आगे की जांच जारी है और मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हम प्रदर्शन कर रहे छात्रों से लगातार बातचीत कर रहे हैं। मैं उनसे अपील करना चाहता हूं कि वो शांति बनाएं रखें।

दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओंऔर नेताओं ने ओल्ड राजिंदर नगर की घटना को लेकर अअढ कार्यालय के पास AAP सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को तितर-बितर करने के लिए दिल्ली पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। 27 जुलाई को एक कोचिंग इंस्टीट्यूट के बेसमेंट में पानी भर जाने से 3 छात्रों की मौत हो गई थी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









# जब आये भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी गोष्ठी में भाग लेने जिला गाजियाबाद ये रहा एक इत्तेफाक कि 80% महानगर पदाधिकारी थे शहर से बाहर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में ये होता है कि जब कोई बड़ा पदाधिकारी जिले में आता है तो उस दल के सभी पदाधिकारी एक अनकहे प्रोटोकॉल के तहत मौजूद रहते हैं। भाजपा में तो ये अघोषित नियम है कि अगर संघ के बड़े पदाधिकारी आ रहे हैं तो भाजपाई चेहरे वहां मौजूद रहेगें। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष गाजियाबाद आ रहे हैं तो ये उम्मीद ही होती है कि प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में महानगर और जिले के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। खासतौर से जब कार्यक्रम महानगर में हो रहा है तो महानगर की पूरी टीम मौजूद रहेगी।

महानगर क्षेत्र में रहने वाले पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम में भले ही पदाधिकारी मंच पर अपेक्षित नहीं हैं लेकिन उनसे ये अपेक्षा जरूर की जाती है कि वो कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहेंगे। लेकिन ये एक अजब संयोग रहा कि जब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी गाजियाबाद आये तो कई महानगर पदाधिकारियों का उनके कार्यक्रम से वियोग रहा।

अब ये सीन भले ही लक बाई चांस था लेकिन सियासत में ये बातें चर्चा का विषय बन जाती हैं। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी गाजियाबाद में बजट संगोष्ठी में भाग लेने आये और उन्हें खुद भी इस बात की अपेक्षा नहीं थी कि जिस गाजियाबाद में वो जा रहे हैं वहां 80प्रतिशत पदाधिकारी उस दिन लीव पर हैं। किस्सा भाजपा में गूंज रहा है और बताया ये जाता है कि महानगर अध्यक्ष भी उस दिन छुट्टी पर थे और महानगर कोषाध्यक्ष भी छुट्टी पर थे। सरकार के ये दोनों पदाधिकारी अपने परिवार सहित तीर्थ यात्रा पर थे।

सावन का महीना है तो महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा भी प्रथम ज्योर्तिलिंग सोमनाथ जी के दर्शन करने गुजरात में थे और महानगर कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता भी अपने परिवार सहित गुजरात में ही प्रथम ज्योर्तिलिंग सोमनाथ जी का दर्शन पूजन कर रहे थे। ये संयोग भी है और इतना ही नहीं संगठन के कई अन्य पदाधिकारी भी इसी दिन लीव पर चले गये। भाजपा में इस बात की चर्चा है कि अगर प्रदेश अध्यक्ष आ रहे हैं और उनके कार्यक्रम की पूर्व सूचना है तो एक प्रोटोकॉल फोलो होना चाहिए था।



हालांकि भाजपा की ही एक लॉबी का ये कहना है कि यह कोई फाऊल नहीं है और ये इत्तेफाक है कि प्रदेश अध्यक्ष आये तो कई महानगर पदाधिकारी नहीं थे। लेकिन इसे किसी लापरवाही या किसी नाराजगी से नहीं जोड़ा जा सकता है। ये महज एक संयोग रहा और इसमें अनुशासनहीनता जैसा कोई मामला नहीं है। क्योंकि प्रदेश अध्यक्ष बजट वाली गोष्ठी में भाग लेने आये थे और यदि संगठन की बैठक का विषय होता तो निश्चित रूप से सभी पदाधिकारी मौजूद रहते। यह एक संयोग रहा है और कई पदाधिकारी जो उस दिन शहर में थे वो इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

### पप्पू पहलवान सहित चारों महामंत्री रहे मौजूद प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के कार्यक्रम में



करंट क्राइम। संगठन के पदाधिकारियों का एक प्रोटोकॉल रहता ही है। भले ही कार्यक्रम में पब्लिक थी लेकिन अगर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आ रहे हैं तो पदाधिकारी मौजूद रहते ही हैं। भले ही महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा उस दिन अपने पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार गुजरात में सोमनाथ ज्योर्तिलिंग के दर्शन पूजन कर रहे थे। लेकिन यहां उनके महामंत्री मौजूद थे। महामंत्री पप्पू पहलवान, महामंत्री सुशील गौतम, महामंत्री गोपाल अग्रवाल और महामंत्री राजेश त्यागी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। इसी कार्यक्रम में चमन चौहान में मौजूद थे।

### रनीता सिंह रहीं कार्यक्रम में उपस्थित और नहीं दिखीं ताराजोशी इन्दु जौहरी



करंट क्राइम। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी जब गाजियाबाद आये तो कई पदाधिकारी उस दिन लीव पर थे। लेकिन जो पदाधिकारी उपस्थित रहे उनमें रनीता सिंह प्रमुख रहीं। उनकी मौजूदगी हमेशा पार्टी के कार्यक्रमों में रहती है। लेकिन जो अनुपस्थित रहे उनमें ताराजोशी और इन्दु जौहरी के नाम हैं। ये पदाधिकारी हैं और प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम से दूर थे। हालांकि फिर बता दें कि मामला कहीं से कहीं तक अनुशासनहीनता का नहीं है और ये एक इत्तेफाक रहा है।

### सात मंडल अध्यक्ष भी नहीं पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष के आने पर

करंट क्राइम। ऐसा नहीं है कि केवल महानगर की टीम के पदाधिकारी ही अपने प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम से दूर थे। कार्यक्रम से दूर रहने वालों में मंडल अध्यक्ष भी रहे। भाजपा के सात मंडल अध्यक्ष भी इस कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। सब अपनी अपनी व्यस्तता बता रहे हैं। हालांकि भाजपा वाले ये कह रहे हैं कि अगर प्रदेश अध्यक्ष आ रहे हैं तो महानगर से लेकर मंडल वालों के मौजूद रहना चाहिए था। लेकिन महानगर से लेकर मंडल वालों का ये कहना है कि अगर पहले से तय कार्यक्रम आता तो कार्यकर्ताओं को निर्देश दिये जाते। लेकिन संगठन स्तर पर कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुए।

### गुंजन शर्मा से लेकर बॉबी त्यागी तक रहे गैरहाजिर



करंट क्राइम। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी गाजियाबाद आये और जब वो गाजियाबाद में थे तो गाजियाबाद की महानगर भाजपा के कई पदाधिकारी गैरहाजिर रहे। प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम से गैर हाजिर रहने वालों में धीरज शर्मा, बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा, संजीव झा, बीएल गौतम, संजीव चौधरी, संजय रावत, विजय चौधरी शामिल हैं।

# जब भाजपा विधायक के सामने फैला दिया नाग ने फन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सावन का महीना है और इस महीने को शिव का महीना कहा जाता है। शिव के गले में नाग है और इस महीने में अगर सांप दिखाई दे भी जाये तो उसे भक्ति भाव से जोड़ा जाता है। वैसे भी इस महीने में अक्सर सांप दिख जाते हैं क्योंकि ये महीना बारिश का महीना होता है और इस तरह के जीव अक्सर बाहर आ जाते हैं। बीते दिनों मधुबन बापूधाम थाने की हवालात में कोबरा निकल आया था। इस कोबरा नाग का वीडियो एक पुलिस कर्मी ने बनाया था। कोबरा को तो पकड़ कर वन में भिजवा दिया गया लेकिन हवालात में पहुचें नाग ने वीडियो बनाने वाले पुलिस कर्मी को लाईन हाजिर कर लाईन में भिजवा दिया। किस्सा भाजपा के विधायक से जुड़ा है और विधायक जी के सामने नाग ने फन फैला दिया। जिस समय फन फैलाया उस



समय विधायक जी आंखे बंद कर मन में ध्यान कर रहे थे। सूत्र बताते हैं कि भाजपा के विधायक अपने फार्म हाऊस पर सुबह की ताजी हवा में मैडिटेशन का आनंद ले रहे थे वो ध्यान में लीन थे और उनका सहायक उनके आस-पास ही था। ध्यान में लीन विधायक जी को पता ही नहीं चला कि एक बड़े साइज का नाग उनके सामने आकर कुंडली मारकर फन फैलाकर बैठ गया। विधायक जी ध्यान में लीन और सहायक की नजर जब कोबरा वाले सीन पर पड़ी तो उसने शोर मचाया। उसने विधायक जी को सावधान किया कि सांप आ गया है। विधायक जी ने जैसे ही आवाज सुनकर आंख खोली तो देखा कि सामने एक कोबरा फन फैलाये बैठा है। गनीमत ये थी कि विधायक जी और कोबरा के बीच लगभग 4 से 5 फीट की दूरी थी। विधायक जी ने कोबरा को देखकर दूर से ही हाथ जोड़े और फिर खुद भी दूर हो गये। इसी बीच कोबरा भी थोड़ी देर बाद वहां से दूर चला गया। सांप और विधायक जी का किस्सा उनके फार्म हाऊस से बाहर आ गया।

# वारदात : तीन गोली लगने के बावजूद रेलवे टेक्नीशियन मजे से चला रहा था बाइक, खून देखकर जमीन पर गिरा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चिपियाना निवासी रेलवे टेक्नीशियन को बदमाशों ने तीन गोलियां मारीं। टेक्नीशियन बाइक पर सवार था। उसे लगा कि बाइक के साइलेंसर से फट- फट की आवाज आ रही है, सोचा कि कुछ नहीं है, बाद में देख लेंगे। कुछ दूर आगे बढ़ने पर बाजू से खून निकलने और जांघ में दर्द का एहसास हुआ तो बाइक रोकी। बाइक से उतरने पर टांग ने वजन ही नहीं लिया और वह सड़क पर गिर पड़ा।

**बाइक सवार राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल** : बाइक सवार राहगीरों ने टेक्नीशियन के भतीजे को कॉल करके बताया कि तुम्हारे चाचा यहां पड़े हैं, बाजू से खून बह रहा है। हम पास में ही वृंदावन



अस्पताल ले जा रहे हैं। भतीजा भागकर वृंदावन अस्पताल पहुंचा, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। पता चला चाचा को नेहरू नगर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### एक गोली जांघ में धंसी, दो छूकर निकल गईं

राजनारायण के भतीजे सुनील यादव ने बताया कि बाइक से गुजर रहे दो राहगीरों ने चाचा को सड़क पर गिरा देख तो मदद के लिए रुक गए। उन्होंने मुझे कॉल कर चाचा के बारे में बताया और अस्पताल लेकर जाने की बात कही। पहले पास के वृदावन अस्पताल लेकर गए, बाद में उन्होंने ने ही चाचा को यशोदा अस्पताल पहुंचाया। डाक्टरों से पता लगा कि चाचा को तीन गोली लगी हैं। एक गोली जांघ में, दूसरी जांघ से ऊपर और तीसरे दायीं बाजू में। दो गोली छूते हुए निकल गईं, जबकि एक गोली जांघ में अभी भी धंसी हुई है।

# पंजाबी चैनल बनाकर पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने मुखर की है पंजाबी समाज की आवाज

## वो लेकर आये हैं संघर्ष से सफलता का इतिहास और कर रहे हैं पंजाबी संस्कृति की बात




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव इन दिनों अपने पंजाबी चैनल को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने एक पंजाबी चैनल बनाया है और इस पंजाबी चैनल को उन्होंने पंजाबी समाज की आवाज बनाया है। हिमांशु लव ने पंजाबी समाज की आवाज को मुखर किया है।

उनके इस कदम की तारीफ हो रही है। पंजाबी समाज के लोग भी मान रहे हैं कि वास्तव में हिमांशु लव ने इस चैनल के जरिए वो मुद्दे सामने रखे हैं जो अब से पहले सामने आने चाहिए थे। वो अपने चैनल के जरिए पंजाबी समाज की शख्सियतों को रूबरू करा रहे हैं।

वो पंजाबी समाज के लोगों के संघर्ष से लेकर उनकी सफलता के इतिहास को सामने ला रहे हैं। वो बता रहे हैं कि पंजाबी समाज का गाजियाबाद के औद्योगीकरण में, सांस्कृतिक उत्थान में, राजनीतिक सक्रियता में और खेलों से लेकर धार्मिक संस्कृति में क्या योगदान रहा है। वो अपने चैनल के जरिए पंजाबी समाज के चेहरों को अपनी बात रखने का मौका दे रहे हैं। समाज की बात कर रहे हैं पंजाबी समाज की बात कर रहे है। एक ऐसा चैनल जो पंजाबी हितों की बात कर रहा है।









### पिता रहे हैं ओज रस के कवि और पुत्र ने किया है हमेशा संस्कृति का सम्मान

**करंट क्राइम।** हिमांशु लव का परिचय केवल एक पार्षद के रूप में नहीं हैं। उनके परिवार का एक समृद्ध, सांस्कृतिक परिचय है। उनके परिवार का एक मजबूत व्यवसायिक परिचय है और स्वयं हिमांशु लव एक ऐसे व्यक्तित्व हैं जो शहर के मुद्दों से हमेशा जुड़कर चलते हैं। सांस्कृतिक विकास में आगे रहे हैं। उनके पिता स्व० कृष्णमित्र ओज रस के राष्ट्रीय कवि रहे हैं। मेहरबान दोस्तों, नौजवान साथियों, कौन है जो देश के भविष्य को संवार लें जैसे क्रान्तिकारी गीत के लेखक कृष्णमित्र उन कवियों में हैं जो देश से लेकर विदेश तक सभी बड़े मंचों से काव्य पाठ कर चुके हैं। जिनकी ओज वाणी से प्रभावित होकर वीर रस के कवि हरिओम पंवार ने अपने काव्य लेखन की शुरूआत की थी। हिमांशु लव उन्हीं कृष्णमित्र जी के सुपुत्र हैं। हिमांशु लव का स्वयं का एक सांस्कृतिक परिचय है। गाजियाबाद लोक परिषद से लेकर अपने स्वर्गीय पिता के नाम पर ट्रस्ट की स्थापना कर काव्य की अविरल धारा को मजबूत किया है। समाजिक मुद्दों पर हमेशा आवाज उठाई है। पिता की पुण्यतिथि पर कवि सम्मेलन कराया है। संस्कृति का सम्मान हिमांशु लव बेहतर करते हैं। सफाई कर्मियों के सम्मान से लेकर जरूरतमंद को रूआफजा के नाम पर एक पूरी फेहरिस्त है।

### समाज के चेहरों को दिया है एक मंच और रखी है समाज की बात

करंट क्राइम। हिमांशु लव ने अपने पंजाबी चैनल के जरिए समाज को एक मंच दिया है और पंजाबी समाज के चेहरों की वो आवाज बने हैं। उनका चैनल लगातार हिट हो रहा है। उनके चैनल में पूर्व दर्जाप्राप्त राज्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा बलदेवराज शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना, सुशीला डिग्री कॉलेज और विद्यावती डिग्री कॉलेज के संचालक पंजाबी समाज के अशोक अग्रवाल, शिक्षाविद् तथा स्पोर्ट्स परसन रिचा सूद, रालोद के राष्ट्रीय नेता सरदार इन्द्रजीत सिंह टीटू, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एसपी सिंह, गुलशन भामरी, हरबंश लाल सूरी, राकेश बाटला, हरबंश लाल पंजाबी, वेदव्यास, रविन्द्र सिंह जोली सहित कई पंजाबी समाज की हस्तियां इंटरव्यू दे चुकी हैं।





### मेरा उद्देश्य है पंजाबी समाज के युवा अपनी विरासत के संघर्ष को याद रखें : हिमांशु लव

करंट क्राइम। पूर्व पार्षद हिमांशु लव का कहना है कि पंजाबी चैनल के निर्माण का उद्देश्य भी यही है कि पंजाबी समाज के युवा अपनी पीढ़ी के संघर्ष और अपनी विरासत को याद रखें। उन्हें अपने बुजुर्गों की जुबानी ये पता चले कि हमारे संघर्ष की कहानी क्या है। हमें ये सफलता ऐसे नहीं मिली है और हमने तरक्की के लिए सफर तय किया है। ये सब बातें इस चैनल के जरिए पंजाबी समाज की धरोहर चेहरे बता रहे हैं। पंजाबी समाज मेहनतकश समाज होता है और पंजाबी कभी भीख नहीं मांगा। वो मेहनत करता है। हिमांशु लव ने कहा कि मेरे पिता स्वर्गीय कृष्णमित्र जी का इतिहास भी संघर्ष का रहा है। उन्होंने दरवाजे दरवाजे जाकर अखबार बेचा है। हमने अपने व्यवसाय को अपनी मेहनत से सींचा है। हिमांशु लव ने कहा कि पंजाबी समाज ने आज तक सरकार से कभी आरक्षण नहीं मांगा है।

## संपादकीय

# लापरवाही का कचरा

दिल्ली में हर रोज करीब ग्यारह हजार टन से ज्यादा ठोस अपशिष्ट पैदा होता है, जिसमें लगभग तीन हजार टन कचरे का निपटान नहीं हो पाता। अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक महीने में यह आंकड़ा क्या हो जाता होगा और उससे समस्या की गंभीरता किस स्तर पर पहुंच सकती है।

दिल्ली में प्रदूषण की गहराती समस्या को लेकर आए दिन चिंता जताई जाती है, लेकिन इसे दूर करना प्राथमिकता में शामिल नहीं है। ठोस अपशिष्ट के निपटान को लेकर टालमटोल का रवैया यही दिखाता है कि संबंधित सरकारी महकमों की ओर से प्रदूषण से निपटने के लिए सख्त कदम उठाने के दावों की हकीकत क्या है। दिल्ली की आबोहवा को नुकसान पहुंचाने में ठोस अपशिष्ट की भूमिका से सभी वाकिफ हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम को लगाई फटकार इसका यहां के लोगों को बहुस्तरीय नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी रवैये पर शुक्रवार को सर्वोच्च न्यायालय ने काफी हैरानी जताई और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में घोर लापरवाही को लेकर दिल्ली नगर निगम को कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने साफतौर पर कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के क्रियान्वयन की स्थिति बेहद दयनीय है; यहां प्रतिदिन तीन हजार टन से अधिक ठोस अपशिष्ट अनुपचारित रह जाता है, जो कभी भी जन स्वास्थ्य के लिए आपात स्थिति का कारण बन सकता है। सवाल है कि दिल्ली में ठोस अपशिष्ट के निपटान में लापरवाही को किस हद तक छूट दी जा सकती है। गौरतलब है कि दिल्ली में हर रोज करीब ग्यारह हजार टन से ज्यादा ठोस अपशिष्ट पैदा होता है, जिसमें लगभग तीन हजार टन कचरे का निपटान नहीं हो पाता। अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक महीने में यह आंकड़ा क्या हो जाता होगा और उससे समस्या की गंभीरता किस स्तर पर पहुंच सकती है। एक सवाल यह भी है कि अगर इतनी बड़ी मात्रा में कचरे का निपटान नहीं हो पाता, तो उसका क्या होता है और आसपास के इलाकों में उसका क्या असर पड़ता होगा। छिपा नहीं है कि दिल्ली में भलस्वा, गाजीपुर और ओखला कचरा पट्टियों पर जितने बड़े पैमाने पर ठोस अपशिष्ट जमा होता गया है, उससे आसपास के इलाकों में भयावह समस्याएं पैदा हो गई हैं।

इन जगहों पर अक्सर आग लगने और कई-कई घंटों तक कचरा जलते रहने की खबरें आती रहती हैं, जिससे वहां के लोगों का रहना दूभर हो जाता है। इसलिए अगर सुप्रीम कोर्ट ने इसकी वजह से जन स्वास्थ्य के लिए आपात स्थिति पैदा होने की आशंका जाहिर की है, तो इसकी गंभीरता को समझने की जरूरत है।

# वित्त मंत्री सदन में पेश करेंगी जम्मू और कश्मीर विनियोग विधेयक



**नई दिल्ली।** लोकसभा के लिए जारी किए गए एजेंडे के अनुसार, 23 जुलाई को पेश केंद्रीय बजट 2024-25 पर चर्चा सोमवार को संसद के दोनों सदनों में जारी रहेगी। जम्मू-कश्मीर के बजट 2024-25 पर भी चर्चा जारी रहेगी, इसे भी मंगलवार को पेश किया गया था। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज यानी सोमवार को लोकसभा में जम्मू और कश्मीर विनियोग विधेयक, 2024 पेश करेंगी। निर्मला सीतारमण वित्तीय वर्ष 2024-25 की सेवाओं के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की संचित निधि से कुछ राशियों के भुगतान और विनियोग को अधिकृत करने के लिए एक विधेयक पेश करने की अनुमति के लिए प्रस्ताव रखेंगीं। इसे सोमवार की लोकसभा की कार्यवाही की सूची में रखा गया है। जम्मू और कश्मीर विनियोग (संख्या 3) विधेयक, 2024 का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2024-25 की सेवाओं के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर की समेकित निधि से कुछ राशियों के भुगतान और विनियोग को अधिकृत करना है। सदन के जारी किए गए एजेंडे के अनुसार, 23 जुलाई को पेश केंद्रीय बजट 2024-25 पर चर्चा सोमवार को संसद के दोनों सदनों में जारी रहेगी। जम्मू-कश्मीर के बजट 2024-25 पर भी चर्चा जारी रहेगी, इसे भी मंगलवार को पेश किया गया था। जम्मू और कश्मीर विनियोग (संख्या 3) विधेयक, 2024 का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2024-25 की सेवाओं के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर की समेकित निधि से कुछ राशियों के भुगतान और विनियोग को अधिकृत करना है। सदन के जारी किए गए एजेंडे के अनुसार, 23 जुलाई को पेश केंद्रीय बजट 2024-25 पर चर्चा सोमवार को संसद के दोनों सदनों में जारी रहेगी। जम्मू-कश्मीर के बजट 2024-25 पर भी चर्चा जारी रहेगी, उसे भी मंगलवार को पेश किया गया था।

इस बीच, केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री, रक्षा निखिल खडसे ओलंपिक खेलों की तैयारी पर सदन में जवाब देंगी। वह ₹खेल विभाग से संबंधित अनुदान मांगों (2021-2022) पर समिति की 325वीं रिपोर्ट में निहित सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई पर शिक्षा, महिला, बच्चों, युवाओं और खेल संबंधी स्थायी समिति की 332वीं रिपोर्ट में निहित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति की जानकारी देंगी।

## 2 अगस्त को खुलेगा ओला इलेक्ट्रिक का आईपीओ, प्राइस बैंड 72 से 76 रुपए प्रति शेयर



**नई दिल्ली।** घरेलू इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी ओला का 6,145.96 करोड़ रुपए का आईपीओ 2 अगस्त को आम निवेशकों के लिए खुलने जा रहा है। इस आईपीओ के लिए बोलियां 6 अगस्त तक लगाई जा सकती हैं। इसका प्राइस बैंड 72 रुपए से लेकर 76 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। इस आईपीओ का 10 प्रतिशत हिस्सा रिटेल निवेशकों के लिए रिजर्व रखा गया है। ओला के पब्लिक इश्यू का साइज 6,145.96 रुपए होगा। इसके मुताबिक, कंपनी की मार्केट कैप करीब 33,500 करोड़ रुपए होगी। आईपीओ में 84.94 मिलियन शेयरों का ऑफर फॉर सेल भी होगा, जिसकी वैल्यू करीब 646 करोड़ रुपए (उच्च बैंड प्राइस के मुताबिक) होगी। वहीं, फ्रैश इश्यू का साइज 5,500 करोड़ रुपए का होगा। ओएफएस में ओला इलेक्ट्रिक के प्रमोटर भावेश अग्रवाल और इंसड ट्रस्ट की ओर से क्रमश: 3.79 करोड़ और 41.79 लाख शेयर बेचे जाएंगे। इसके अलावा एसवीएफ क्क्ऑस्ट्रिच (डीई) एलएलसी, अल्फा वेव वेंचर्स क्क्एलपी, अल्पाइन अपॉर्चुनिटी फंड श्क्एलपी, इंटरनेट फंड क्क्क्पीटीई, मैट्रिक्स पार्टनर्स इंडिया इन्वेस्टमेंट्स क्क्क्एलएलसी और आशना एडवाइजर्स एलएलपी भी ओएफएस में भाग लेंगे। ओला इलेक्ट्रिक की ओर से आईपीओ से जुटाई गई राशि में से 1,227 करोड़ रुपए का उपयोग सेल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट को बढ़ाने के लिए करेगी। इसके अलावा प्रोडक्ट डेवलपमेंट और बिजनेस बढ़ाने एवं रिसर्च के लिए भी आईपीओ से जुटाई गई राशि का उपयोग किया जाएगा। ओला इलेक्ट्रिक ने वित्त वर्ष 24 में 1,584 करोड़ रुपए का घाटा दर्ज किया था, जो कि वित्त वर्ष 23 में 1,472 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 24 में कंपनी की आय में 90 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया था और यह बढ़कर 5,009.9 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 2,630.0 करोड़ रुपए था।




### व्यापार मडंल गलियारे में गूंज रहा है किस्सा पीएमओ वाले फोन का

किस्सा भगवा व्यापार मडंल गलियारे में गूंज रहा है। किस्से में दिल्ली वाला रिश्तेदार हैं, किस्से में गाजियाबाद वाले जीजा हैं, किस्से में दिल्ली वाले साले का दोस्त है और किस्से में पीएमओ वाला फोन है। किस्सा केसरिया शेडो व्यापार मडंल के पदाधिकारी से जुड़ा है। गाजियाबाद के व्यापारी का विकास वाले महकमें में कोई काम था। दिल्ली वाले रिश्तेदार के दोस्त ने कहा कि डोंट वरी पीएमओ से अधिकारी को फोन करा देगें। पांच पेटी में मामला तय हुया और दिल्ली से फोन विकास वाले महकमें के अधिकारी के पास आ भी गया। लेकिन बताते हैं कि अधिकारी ने गेम को भांप लिया और काम को होल्ड पर डाल दिया। इधर पांच पेटी चले गये और काम भी नही हुया। जब तकाजे का सीन हुया तो बता दिया गया कि गारंटी पीएमओ से फोन की थी तेरे काम की नही थी। जा के अधिकारी से पता कर ले कि तेरे लिये फोन आया या नही। अब तेरे कागजो में ही कमी हैं तो पहले अपने कागज तो ठीक कर। इधर बताते हैं कि अफसर ने भी जाल बिछा दिया और कभी भी कोई बड़ा खुलासा पीएमओ वाले फोन को लेकर हो सकता है।

### किस अफसर ने कह दिया नही चाहिये डिफेंस और वांलटियर फोर्स

एक दौर था जब सिविल डिफेंस को यूपी में इस बात पर अवार्ड मिला था कि गाजियाबाद में इस टीम ने बहुत बढ़िया व्यवस्था संभाली। लेकिन अब कुछ दौर भी अलग है और अफसरों की टौर भी अलग हैं। पिछले साल तो पुलिस के एक अधिकारी ने साफ कह दिया था कि मंदिर में हम खुद देख लेगें हमें जरूरत नही है। सुना है सीन इस बार भी कुछ ऐसा ही हो गया है। पुलिस के बड़े अफसर ने सिविल डिफेंस की डयूटी को लेकर संस्पेंस वाली बात कह दी है। सुना है कि मंदिर वालों ने भी यस में यस मिला दी और बता दिया कि हमारे तो अपने 200 सेवादार आलरेडी व्यवस्था संभाल रहे हैं इसलिये हमें तो जरूरत नही हैं। पता चला है कि वांलटियर फोर्स से लेकर महाराणा प्रताप वालों को भी देखा इसी निगाह से जा रहा है कि पुलिस के अंगने में तुम्हारा क्या काम हैं। हमें तो यही समझ में नही आ रहा है कि इन की डयूटी लगा कौन रहा है कावंड मेले में।

### एक अस्सी की रसीद और राम के मेले में दुकाने लगवायेगा हमीद

फूल वाले बाबा तो फलो के ठिये पर नाम पहचान कराते रह गये और काम राम वालों ने कर भी दिया। साधु ने कहा पहचान तो बतानी होगी, भक्तो ने कहा कि बिल्कुल बतानी होगी और सोशल मीडिया पर रिलेटिड वीडियो की बाढ़ सी आ गई। लेकिन भगवा गढ़ में राम वालों ने पूरा निजाम ही हमीद के हाथ में सौंप दिया। हमीद ने रामवालों के यहां बोली लगाई और राम वालों ने हमीद को ठेका दे दिया। सुना है कि एक करोड़ अस्सी लाख में सबसे पुरानी रामलीला की हर दुकान की पहचान ही हमीद की रसीद से होगी। राम के मेले में दुकान के ठिये हमीद देगा। कोई बीच में नही बोलेगा क्योंकि हमीद ने सबसे महंगी बोली में रामलीला वालों से ये अधिकार लिया है। हो सकता है कि बजरंगी से लेकर हिन्दू तक कोई आया ही नही हो वीरो बाबा के पास राम के काम के लिये।

## कोलगेट-पामोलिव को 248.74 करोड़ का टैक्स नोटिस

### आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई




**नई दिल्ली।** आय कर विभाग ने कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड को ट्रांसफर प्राइसिंग से जुड़े मामले में 248.74 करोड़ रुपये का टैक्स डिमांड नोटिस मिला है। एफएमसीजी कंपनी कोलगेट-पामोलिव इंडिया लिमिटेड (सीपीआईएल) के प्रमुख ने कहा कि अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष आदेश को चुनौती देंगे। यह कंपनी दांतों की देखभाल के क्षेत्र में काम करती है।

वित्त वर्ष 2023-24 में सीपीआईएल की शुद्ध बिक्री 5,644 करोड़ रुपये थी। कंपनी की ओर से एक नियामक फाइलिंग के अनुसार, नोटिस 26 जुलाई को मिला। ट्रांसफर प्राइसिंग से संबंधित मुद्दों के लिए आयकर की मांग 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए है। सीपीआईएल ने कहा कि मांग राशि में 79.63 करोड़ रुपये की ब्याज राशि शामिल है। सीपीआईएल ने कहा कि इस आदेश के कारण कंपनी के वित्तीय संचालन या अन्य गतिविधियों पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह मांग मुख्य रूप से स्थानांतरण मूल्य-संबंधी मुद्दों के कारण की गई है।

रिफंड पाने के लिए बढ़ा-चढ़ाकर, फर्जी दावे करना दंडनीय अपराध : आयकर विभाग आयकर विभाग ने कहा कि आयकर रिटर्न दाखिल करने वाले खर्चों के लिए फर्जी दावे न करें और न ही आय को कम बताएं या कटौतियों को बढ़ा-चढ़ाकर न बताएं क्योंकि ऐसा करना दंडनीय अपराध है। ऐसा करने से रिफंड जारी करने में भी देरी होती है। आकलन वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआर दाखिल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई है।

## राशिफल

**मेष:** जटिल समस्याओं का समाधान मिलेगा. प्रोफेशनली आज का दिन अच्छा रहेगा। नौकरीपेशा जातकों को कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**वृष:** आज अचानक कहीं से धन लाभ होगा. आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। पारिवारिक सुख की प्राप्ति होगी।

**मिथुन:** धन लाभ हो सकता है। ऐसे कार्य से लाभ होगा जो लंबे समय तक चलेगा। आज कई दिलचस्प विचार और योजनाएँ बन सकती हैं।

**कर्क:** आज आपको व्यापार और आर्थिक प्रयासों से लाभ मिलेगा। पुराने निवेश से भी आपको लाभ मिल सकता है। आप अपनी पसंद की जगह पर जा सकते हैं।

**सिंह:** आज आपका समय परिवार वालों के साथ बीतेगा. घर की कोई बड़ी जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम से खुश रहेंगे।

**कन्या:** ऑफिस या बिजनेस में नई पहल करने का समय है. आप अपने काम में नए प्रयोग करने में सफल हो सकते हैं। आपके लिए दिन ठीक है।

**तुला:** आप में से कुछ लोगों के लिए व्यस्तता भरा हो सकता है। कार्यस्थल पर चीजें अच्छी तरह से आगे बढ़ेंगी, लेकिन आपको कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी दी जा सकती है।

**वृश्चिक:** आपके भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। पैसा कमाने का कोई शार्टकट तरीका अपनाएंगे। जीवन साथी को खुश करने के लिए आप उन्हें कोई अच्छा तोहफा देंगे।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। कुछ ऐसी बातें या बातें सामने आ सकती हैं, जिनसे आने वाले दिनों में आपको बड़ा फायदा होगा।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला है. इस समय आप जो भी कहें, बहुत सोच-समझकर कहें। कार्यस्थल पर जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें।

**कुंभ:** आप किसी काम में माता-पिता की सलाह लेंगे। यह सलाह आपके लिए फायदेमंद होगी। सामाजिक कार्य करने के लिए आज आपके मन में कई नए विचार आएंगे।

**मीन:** आज आप ताकत और धैर्य से काम लेंगे। आप दिन भर पैसों के बारे में सोचते रहेंगे। जमीन-जायदाद के कार्यों से धन मिलने के भी योग हैं। दैनिक कार्य अधिक होंगे।

## चुटकुले

पप्पू को एक भिखारी मंदिर के बाहर मिला
भिखारी :- भगवान के नाम पर कुछ दे दो साहब, चार दिन से कुछ नहीं खाया
पप्पू 500 का नोट निकालते हुए बोला 400 खुले है?
भिखारी :- हां, जी साहब है।
पप्पू :- तो पहले उससे कुछ लेकर खा ले।

---

पप्पू ने ब्लड टेस्ट करवाया
रिजल्ट आया A+
पप्पू ये सोच कर बड़ा अचरज हुआ कि
साली कामयाबी तो रग-रग में दौड़ रही है
तो स्कूल में C क्यों मिलता रहा

---

मेरा इंसानियत पर से भरोसा तब उठ गया जब
शादी में इक खूबसूरत लड़की मुझसे कहने लगी : -
क्या आप इसे खाली करना पसंद करोगे...?
मैने खुश होते हुए कहा : - हां-हां क्यों नही
इतने में लड़की बोली : - तो फिर आपकी कुर्सी
मैं ले जाऊँ...?

## ऑल टाइम हाई पर खुला शेयर बाजार, निफ्टी पहली बार 24,900 के पार

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में तेजी के साथ खुला। बाजार के सभी सूचकांकों में बढ़त बनी हुई है। सत्र की शुरूआत में ही निफ्टी ने 24,980 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। सुबह 9:20 तक, सेंसेक्स 366 अंक या 0.45 प्रतिशत बढ़कर 81,657 और निफ्टी 89 अंक या 0.36 प्रतिशत बढ़कर 24,924 अंक पर था। छोटे और मझोले शेयरों में तेजी का ट्रेंड देखने को मिल रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 376 अंक या 0.65 प्रतिशत बढ़कर 58,144 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 210 अंक या 1.72 प्रतिशत बढ़कर 19,064 पर बना हुआ है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



## न्यूज डायरी

### श्रीलंका के खिलाफ ओडीआई सीरीज के लिए रोहित शर्मा, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर पहुंचे श्रीलंका, कहां हैं विराट कोहली?



**मुंबई।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद से टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा क्रिकेट से छोटे से ब्रेक पर थे, उनके अलावा विराट कोहली भी ब्रेक पर चले गए थे। केएल राहुल और श्रेयस अय्यर दोनों ही आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय स्क्वॉड का हिस्सा नहीं थे। इसके अलावा कुलदीप यादव को भी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद ब्रेक मिला था। विराट और रोहित दोनों ही टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं और अब वनडे सीरीज के लिए श्रीलंका पहुंच गए हैं। 30 जुलाई को इंडिया वर्सेस श्रीलंका तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज खत्म हो जाएगी और फिर 2 अगस्त से 7 अगस्त के बीच तीन मैचों की वनडे इंटरनेशनल सीरीज खेली जानी है। टीम इंडिया पहले दो मैच जीतकर टी20 सीरीज में पहले ही 2-0 से अजेय बढ़त बना चुकी है। टी20 सीरीज पालेकल में खेली जा रही है, जबकि वनडे सीरीज के तीनों मैच कोलंबो में खेले जाने हैं। कप्तान रोहित, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, कुलदीप यादव और हर्षित राणा वनडे सीरीज की तैयारी के लिए कोलंबो पहुंच चुके हैं। वहीं टीम इंडिया के असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर भी पालेकल से कोलंबो पहुंच गए हैं। अभिषेक नायर की देख-रेख में रोहित, विराट, केएल, श्रेयस, कुलदीप और हर्षित राणा वनडे सीरीज की तैयारियों में जुटेंगे। वनडे स्क्वॉड के बाकी खिलाड़ी इस समय श्रीलंका के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज का हिस्सा हैं, टी20 सीरीज खत्म होने के बाद बाकी खिलाड़ी कोलंबो रवाना होंगे।

### मेडल्स पर फोकस करने का समय, ना कि....,ओलंपिक में यूनिफार्म विवाद पर बोले डिजाइनर तरूण ताहिलियानी



**पेरिस।** फैशन डिजाइनर तरुण ताहिलियानी ने ओलंपिक में भारतीय दल के लिए बनाई गई यूनिफार्म का बचाव किया है। यूनिफार्म को लेकर लगातार तरूण को आलोचना का सामना करना पड़ रहा था। तरूण ने इसका बचाव करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को यूनिफार्म से जुड़े विवाद पर ध्यान नहीं देते हुए मेडल्स पर ध्यान देना चाहिए, जिससे वह देश के लिए ज्यादा से ज्यादा मेडल्स जीत सकें। उन्होंने कहा कि कुछ उघोगपतियों ने उनके उस डिजाइन में रुचि भी दिखाई है, जिससे यह पता चलता है कि हर किसी को यह डिजाइन खराब नहीं लग रही है। ताहिलियानी को उनके बेहतरीन काम के लिए जाना जाता है, वह इंडियन फैशन इंडस्ट्री में जाना पहचाना नाम है। तरुण के द्वारा बनाए गए ज्यादातर कपड़े बेहतरीन फैब्रिक के बने होते हैं। यह अपने बेहतरीन शिल्प कौशल के लिए भी जाने जाते हैं। तरूण के काम में हाई फैशन नजर आता है, जिसमें कल्चरल हैरिटेज का भी तड़का लगा होता है। यह सब खूबियां तरूण को भारतीय फैशन इंडस्ट्री का एक बड़ा व्यक्तित्व बनाती है। ओलंपिक में भारतीय दल की यूनिफार्म का बचाव करते हुए तरूण ने कहा कि मैं उस यूनिफार्म के पक्ष में खड़ा हुआ हूं। महिला खिलाड़ियों को साड़ी पहनाने का निर्णय उन्होंने अंतिम समय में नहीं लिया था। बल्कि मेरा उद्देश्य एक ऐसी ड्रेस तैयार करना था, जो कि भारतीय झंडे के रंगों को प्रदर्शित करता हो। मैं इन यूनिफार्मों के खिलाफ हुई आलोचना का स्वागत करता हूं लेकिन मेरा मानना है कि लोगों की राय से ज्यादा मैं इस डिजाइन के पीछे के अपने भावों और इरादों को ज्यादा महत्व दूंगा। मुझे लगता है कि अब मेडल्स पर फोकस करना चाहिए।

#### ज्वाला गुट्टा ने जताया था विरोध

भारतीय दल की यूनिफार्म को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना शुरू हो गई थी। कई लोगों ने इसे बेकार और किसी नौसिखिए का काम बताना शुरू कर दिया था। भारतीय पुरुष खिलाडी सफेद कुर्ता,पजामा में थे और ऊपर से जैकेट डाले हुए थे, जिस पर भारतीय तिरंगे के जैसे तीन रंग थे। वहीं महिला खिलाड़ियों ने साड़ी पहनी थी। पूर्व भारतीय खिलाड़ी ज्वाला गुट्टा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा था कि साड़ी पहनने का फैसला एक दम गलत है, सभी खिलाड़ी उन्हें पहनने में सहज महसूस नहीं कर रही होंगी। गुट्टा ने इसके अलावा कपड़ों की फिटिंग और पूरी ड्रेस पर ही सवाल उठाते हुए कहा कि इसे और बेहतर तरीके से बनाया जा सकता था।

### बैडमिंटन पुरुष एकल में लक्ष्य सेन की जीत अमान्य, प्रतिद्वंद्वी चोट के कारण टूनार्मेंट से बाहर



**नई दिल्ली।** भारतीय शटलर लक्ष्य सेन को तगड़ा झटका लगा है। उनकी पहले दौर की जीत अमान्य घोषित कर दी गई है। उन्होंने शनिवार को पुरुष एकल बैडमिंटन प्रतियोगिता में ग्वाटेमाला के केविन कॉर्डन के खिलाफ जीत हासिल की थी। हालांकि, अब जानकारी सामने आई है कि कोहनी की चोट के कारण कॉर्डन टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं। उनके बाहर होने से सेन की मेहनत पर पानी फिर गया। इसका अर्थ यह है कि लक्ष्य की केविन कॉर्डन पर जीत स्टैंडिंग में नहीं गिनी जाएगी। अब भारतीय शटलर को एक और मैच खेलना पड़ेगा। जे. क्रिस्टी के खिलाफ एक कठिन मुकाबला पुरुष एकल स्पर्धा में लक्ष्य सेन की किस्मत का फैसला करेगा।

### भारत का ऑलराउंड प्रदर्शन, श्रीलंका को सात विकेट से हराया, सूर्या की सेना ने जमाया सीरीज पर कब्जा

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच जारी तीन मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में रविवार को भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन के साथ सात विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ टीम इंडिया सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। इस सीरीज का तीसरा मुकाबला 30 जुलाई को खेला जाएगा। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। श्रीलंका ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 161 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को बारिश की दखलंदाजी का सामना करना पड़ा। पहले ओवर की सिर्फ तीनों गेंदों पर ही मैच रोक दिया गया। उस दौरान भारत का स्कोर 6/0 था और जायसवाल-सैमसन क्रीज पर मौजूद थे। बारिश रुकने के बाद अंपायर्स ने ओवर्स में कटौती और भारतीय टीम को नया लक्ष्य 78 रनों का मिला जो उन्हें आठ ओवरों के भीतर हासिल करना था। टीम इंडिया ने 6.3 ओवर में तीन विकेट पर 81 रन बनाए और यह मैच सात विकेट से अपने नाम कर लिया। पल्लेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टीम इंडिया को पहला झटका 12 रन के स्कोर पर लगा। शुभमन गिल की जगह बल्लेबाजी के लिए आए संजू सैमसन इस मौके को भुनाने में नाकाम रहे और बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद मोर्चा कप्तान सूर्यकुमार यादव ने संभाला। उन्होंने यशस्वी जायसवाल के साथ दूसरे विकेट के लिए 19 गेंदों में 39 रनों की साझेदारी की। हालांकि, पांचवें ओवर की दूसरी गेंद पर मथीशा पथिराना ने उन्हें दासुन शनाका के हाथों कैच करा दिया। वह 12 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 26 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए हार्दिक पांड्या ने जायसवाल के साथ 14 रनों की साझेदारी निभाई जिसे हसरंगा ने तोड़ा। उन्होंने जायसवाल को आउट किया। वह 15 गेंदों में 30 रनों की पारी खेलकर लौटे। वहीं, स्टार ऑलराउंडर पांड्या नौ गेंदों में 22 रन और ऋषभ पंत दो रन बनाकर नाबाद रहे।

# भारत और अर्जेंटीना के बीच बराबरी पर छूटा मुकाबला, अब आयरलैंड से होगा सामना




**नई दिल्ली।** भारत और अर्जेंटीना के बीच पेरिस ओलंपिक में पूल-बी का मैच अंतिम सीटी बजने तक 1-1 की बराबरी पर छूटा। अर्जेंटीना ने दूसरे क्वार्टर में गोल कर टीम को बढ़त दिला दी थी और भारतीय टीम काफी देर तक बराबरी हासिल करने के लिए जूझ रही थी। अंतिम समय में भारत को मिले पेनाल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल दाग टीम को बराबरी दिलाई। हरमनप्रीत का यह गोल काफी महत्वपूर्ण साबित हुआ और टीम मैच हारने से बच गई। भारत इस तरह से पेरिस ओलंपिक में अजेय बना हुआ है। भारतीय टीम ने इससे पहले न्यूजीलैंड को हराया था और अब उसका सामना मंगलवार को आयरलैंड से होगा।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 59वें मिनट में गोल दाग कर भारत को 1-1 की बराबरी दिलाई। हरमनप्रीत ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की और ड्रैग फ्लिक के जरिये महत्वपूर्ण गोल दागा।

भारतीय पुरुष टीम तीसरा क्वार्टर समाप्त होने के बाद भी अर्जेंटीना से 0-1 से पीछे चल रही है। अर्जेंटीना ने दूसरे क्वार्टर में बढ़त हासिल की थी जो अब तक बरकरार है। अब 15 मिनट का खेल शेष है और भारत की कोशिश वापसी करने की होगी।

भारतीय टीम अर्जेंटीना के खिलाफ हॉफ टाइम तक 0-1 से पीछे चल रही है। पहले दो क्वार्टर में भारत को दो बार पेनाल्टी कॉर्नर के मौके मिले, लेकिन टीम इसे गोल में बदलने में नाकाम रही।

अर्जेंटीना ने भारत के खिलाफ पेरिस ओलंपिक के पूल बी मैच में गोल कर बढ़त हासिल कर ली है। अर्जेंटीना की ओर से लुकस मार्टिनेज ने 22वें मिनट में मैदानी गोल दागकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी है। इससे पहले भारत को एक और पेनाल्टी कॉर्नर मिला था, लेकिन टीम इसे भुनाने में असफल रही थी। दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम कोई गोल नहीं कर सकी।

भारत और अर्जेंटीना के बीच पेरिस ओलंपिक में ग्रुप चरण का मुकाबला खेला जा रहा है। दोनों टीमें पहला क्वार्टर समाप्त होने के बाद गोलरहित बराबरी पर चल रही हैं। भारत और अर्जेंटीना दोनों को ही पहले क्वार्टर में एक-एक पेनाल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन दोनों ही टीम गोल करने का मौका गंवा बैठी।

भारतीय हॉकी टीम का सामना पूल बी में 2016 रियो ओलंपिक की चैंपियन अर्जेंटीना से जारी है। भारत ने पेरिस खेलों की शुरूआत जीत के साथ की थी और अब टीम को लगातार दूसरी जीत दर्ज करने की उम्मीद होगी। दोनों टीमों के बीच पहले क्वार्टर का खेल जारी है।

पहले मैच में भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत से अपने अभियान की शुरूआत की है। हालांकि न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत आसान नहीं थी। एक समय चौथे क्वार्टर में स्कोर 2-2 से बराबरी पर था।


# टेनिस में भारत को फ्रांस से मात, बोपन्ना-बालाजी 5-7, 2-6 से हारकर पहले ही दौर में बाहर



**नई दिल्ली।** टेनिस पुरुष युगल स्पर्धा के पहले दौर में रोहन बोपना और एन श्रीराम बालाजी की भारतीय जोड़ी को तगड़ा झटका लगा। फ्रांस की गेल मोनफिल्स और एडौर्ड रोजर वेसलिन की जोड़ी ने से उन्हें में 5-7, 6-2 हरा दिया। इसी के साथ भारतीय जोड़ी टूनार्मेंट से बाहर हो गई। इस जीत के साथ फ्रांस की जोड़ी दूसरे दौर में पहुंच गई। अब उनका सामना टिम पुएत्ज और केविन क्राविट्ज की दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी से होगा।

इससे पहले पुरुष एकल में भारत के एकमात्र टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को पहले दौर में फ्रांसीसी कोरेंटिन मौटेट से तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ पेरिस ओलंपिक में टेनिस में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।

# ओलंपिक के लिए 6000 किमी की कठिन यात्रा



**पेरिस।** ओलंपिक खेलने पहुंचे लगभग सभी खिलाड़ियों को तैयारियों के लिये पूरी सुविधायें दी जाती है लेकिन जब खिलाड़ी युद्ध से जर्जर अफगानिस्तान जैसे देश से हो तो उसे खेलों के इस महासमर में भाग लेने का अपना सपना पूरा करने के लिये छह हजार किलोमीटर और पांच देशों की यात्रा भी करनी पड़ सकती है।

अफगानिस्तान के जूडो खिलाड़ी सिबगातुल्लाह अरब 2021 में तालिबान के कब्जे वाले अफगानिस्तान से भाग निकले। इसके बाद पांच देशों में शरण ली और आखिर में 6000 किलोमीटर का सफर तय करके जर्मनी पहुंचे। वह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की शरणार्थी टीम का हिस्सा हैं और पेरिस ओलंपिक में पुरूषों की जूडो स्पर्धा के 81 किलोवर्ग में उतरेंगे।

अफगानिस्तान में टीवी पर जूडो की विश्व चैम्पियनशिप देखकर उन्हें इस खेल से मुहब्बत हो गई लेकिन उनके शौक को परवान चढाने का कोई जरिया नहीं था। तालिबान के कब्जे के बाद वह यूरोप भाग गए जिस समय उनकी उम्र सिर्फ 19 साल थी। उन्होंने कहा, 'जब मैंने अफगानिस्तान छोड़ा तो पता नहनीं था कि बचूंगा या नहीं। इतनी दिक्कतें झेली है।' नौ महीने में उन्होंने ईरान, तुर्किये, यूनान, बोस्निया और स्लोवेनिया की यात्रा की और आखिर में जर्मनी में बस गए।

उन्होंने कहा, 'रास्ते में मेरी तबीयत बहुत बिगड़ गई थी और मैं तनाव में भी था।' मोंशेंग्लाबाख में एक जूडो क्लब से जुड़े इस खिलाड़ी ने मैड्रिड में 2023 यूरोपीय ओपन में सातवां स्थान हासिल किया ।

# अर्जुन बाबुता पेरिस ओलंपिक 10 मीटर एयर राइफल में पदक से चूके, चौथे स्थान पर रहे



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार शूटर अर्जुन बाबुता पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में पदक से चूक गए। वह 15वें शॉट तक शीर्ष तीन में चल रहे थे। कभी वह दूसरे स्थान पर आए तो कभी तीसरे स्थान पर, लेकिन पदक नहीं जीत सके। एक वक्त तो वह पहले स्थान पर रहे लिहाए शेंग से 0.1 अंक पीछे थे। इसके बाद उनका फॉर्म बिगड़ा और 16वें शॉट के बाद चौथे स्थान पर लुढ़क गए। चौथे स्थान पर पहुंचते ही वह 17वें और 18वें शॉट में एलिमिनेशन में पहुंच गए। उनका सामना मारिचित मिरान के साथ था।

17वें प्रयास में बाबुता ने 10.3 का शॉट लगाया, जबकि मिरान ने 10.6 का शॉट लगाया। 18वें प्रयास में मिरान ने फिर 10.6 का शॉट लगाया, जबकि बाबुता ने 9.9 का शॉट लगाया। इसी के साथ कुल 230 का स्कोर लेकर बाबुता बाहर हो गए। वहीं, चीन के शेंग लिहाओ 252.2 के ओलंपिक रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं, स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन ने 251.4 के स्कोर के साथ रजत पदक अपने नाम किया। क्रोएशिया के मारिचिच मिरान ने 230 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं, अर्जुन का फाइनल स्कोर 208.4 रहा। अर्जुन क्वालिफिकेशन में सातवें स्थान पर रहे थे और उन्होंने आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई। 25 साल के बाबुता ने क्वालिफिकेशन में 105.7, 104.9, 105.5, 105.4, 104.0 और 104.6 अंक की सीरीज के साथ कुल 630.1 अंक जुटाए थे। पंजाब के रहने वाले अर्जुन को शुरूआत में निशानेबाजी के बारे में कोई जानकारी नहीं थी, लेकिन उन्होंने खेलों में रुचि जगाई। अर्जुन का खेलों के प्रति लगाव देखकर उनके पिता नीरज बाबुता ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के पास पहुंचे।

अर्जुन एक मध्यमवर्गीय परिवार से आते हैं और पंजाब के जलालाबाद में उनका घर है जो पाकिस्तान सीमा के बेहद करीब है। उन्होंने अपनी शुरूआती पढ़ाई अपने गृहनगर से पूरी की थी। अपने पिता की नौकरी के चलते वह चंडीगढ़ शिफ्ट हो गए। मालूम हो कि अर्जुन के पिता भारतीय रेलवे में हैं। चंडीगढ़ में उन्होंने बीए हॉनर्स की डिग्री प्राप्त की।

क्रोएशिया के मिरान मारिसिच के 10.7 के जवाब में उनका 9.5 का शॉट भारी पड़ गया। उन्होंने फाइनल की शुरूआत 10.7 से की और फिर 10.2 स्कोर किया। तीसरे शॉट पर 10.5 स्कोर के साथ वह चौथे स्थान पर पहुंच गए और फिर 10.4 के साथ तीसरे स्थान पर पहुंचे। पहली सीरिज उन्होंने 10.6 पर खत्म की। दूसरी सीरिज में उन्होंने 10.7, 10.5, 10.8 के पहले तीन शॉट लगाए। इस समय उनके और विश्व रिकार्डधारी चीन के शेंग लिहाओ से 0.1 अंक ही पीछे थे।

#### कोच ढिल्लों की सलाह पर शुरू की ट्रेनिंग

बिंद्रा ने 2013 में अपने कोच कर्नल जेएस ढिल्लों से अर्जुन को मिलाया जिन्होंने उन्हें राइफल निशानेबाजी में करियर बनाने की सलाह दी। ढिल्लों की सलाह पर अर्जुन ने 10 मीटर एयर राइफल वर्ग में ट्रेनिंग लेनी शुरू की। उनकी मेहनत का ही नतीजा था कि अर्जुन ने 2013 में चंडीगढ़ स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में अपना पहला पदक जीता था।

# सात्विक-चिराग की भारतीय जोड़ी का पुरुष युगल मैच रद्द



**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी का मुकाबला सोमवार को अंतिम समय में रद्द करने का निर्णय लिया गया। सात्विक-चिराग का सामना ग्रुप-सी के मैच में मार्क लैम्सफस और मार्विन सेडेल की जोड़ी से होना था, लेकिन जर्मन खिलाड़ी लैम्सफस के चोट के कारण नाम वापस लेने के बाद इस मुकाबले को रद्द कर दिया गया है।

#### सात्विक-चिराग ने की थी जीत से शुरूआत

सात्विक और चिराग ने शनिवार को लुकास कोरवी और रोनन लाबार की फ्रांसीसी जोड़ी पर 21-17, 21-14 से जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की थी। यह भारतीय जोड़ी ग्रुप के अपने अंतिम मैच में मंगलवार को इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्दियांतो से भिड़ेगी। जर्मन जोड़ी के हटने के कारण इंडोनेशिया की जोड़ी की शनिवार को लैम्सफस और सीडेल पर जीत को परिणाम से हटा दिया गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने कहा, जर्मन पुरुष युगल खिलाड़ी मार्क लैम्सफस घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता से हट गए हैं। लैम्सफस और उनके साथी मार्विन सेडेल के ग्रुप सी में भारत के सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी और फ्रांस के लुकास कोरवी और रोनन लाबर (30 जुलाई 2024) के खिलाफ होने वाले मैच अब नहीं खेले जाएंगे।

इससे पहले, भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन की ओलंपिक खेलों में पुरुष एकल ग्रुप एल के शुरूआती मैच में केविन कॉर्डन पर जीत के परिणाम को हटाने का फैसला लिया गया था। दरअसल, ग्वाटेमाला का उनका प्रतिद्वंद्वी बाईं कोहनी की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गया है। बीडब्ल्यूएफ ने कहा, ग्वाटेमाला के पुरुष एकल खिलाड़ी केविन कॉर्डन बाईं कोहनी की चोट के कारण पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता से हट गए हैं। इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी और बेल्जियम के जूलियन कैराग्गी के खिलाफ उनके ग्रुप एल के शेष मैच नहीं खेले जाएंगे। इस ग्रुप के मैचों का कार्यक्रम फिर से निर्धारित किया गया है। ग्रुप चरण के लिए बीडब्ल्यूएफ के प्रतियोगिता संबंधी नियमों के अनुसार ग्रुप एल में मैच कॉर्डन को शामिल करते हुए खेले गए थे। इसलिए ग्रुप एल में कॉर्डन से जुड़े सभी खेले गए या अभी खेले जाने वाले सभी मैचों के परिणाम अब हटाए गए माने जाते हैं।

#### ग्रुप एल में अब केवल तीन खिलाड़ी

टोक्यो ओलंपिक के सेमी फाइनलिस्ट कॉर्डन के हटने का मतलब है कि ग्रुप एल में अब केवल तीन खिलाड़ी होंगे जिसमें सेन के अलावा क्रिस्टी और कैरागी शामिल हैं। इस तरह से इस ग्रुप में सेन अकेले खिलाड़ी होंगे जो तीन मैच खेलेंगे। यह भारतीय खिलाड़ी सोमवार को कैरागी और बुधवार को अपने अंतिम ग्रुप मैच में क्रिस्टी से भिड़ेगा।

# नडाल और जोकोविच का होगा आमना-सामना, 2022 के बाद पहली बार एक दूसरे के सामने होंगे



**पेरिस।** स्पेन के स्टार राफेल नडाल और 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच का पेरिस ओलंपिक के पुरुष एकल वर्ग में सामना होगा। दोनों दिग्गज खिलाड़ी 2022 के बाद पहली बार एक दूसरे के खिलाफ खेलते नजर आएंगे। स्पेनिश स्टार राफेल नडाल ने अंतिम मिनट में एकल में खेलने का फैसला करते हुए रविवार को पहले दौर के मैच में मार्टन फुकसोविक्स पर जीत दर्ज की।

नडाल ने यहां 14 बार रोलां गैरों की लाल बजरी पर रिकॉर्ड फ्रेंच ओपन खिताब जीते हैं। उन्होंने फुकसोविक्स पर 6-1, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की। नडाल का दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाकर स्वागत किया जिनमें से कई ने अपने फोन के कैमरे से उस पल को कैद किया जब वह कोर्ट फिलिप चैटियर में पहुंचे। नडाल और अल्कारेज की जोड़ी ने युगल के पहले दौर में शनिवार को अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी को 7-6, 6-4 से मात दी थी। और साढ़े 18 घंटे बाद नडाल फिर से एकल खेलने कोर्ट पर थे जिसमें खेलने को लेकर पहले स्पष्टता नहीं थी।

नडाल और जोकोविच के बीच पुरुष एकल वर्ग का मुकाबला सोमवार को खेला जाएगा। दोनों दिग्गजों के बीच यह मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम पांच बजे से शुरू होगा।

#### मैच को लेकर क्या बोले नडाल और जोकोविच?

नडाल ने कहा कि जोकोविच इस मैच में दावेदार हैं। उन्होंने कहा, 'हम दोनों के लिए स्थिति पूरी तरह अलग है। जोकोविच काफी प्रतिस्पर्धी हैं और पिछले दो साल से मैं इतना प्रतिस्पर्धी नहीं हूं। इसलिए जोकोविच इस मैच को जीतने के बड़े दावेदार हैं।' जोकोविच ने कहा कि नडाल हमेशा से उनके करियर में सबसे बड़े प्रतिस्पर्धी रह हे हैं। उन्होंने कहा, जब तक हम दोनों खेल रहे हैं, नडाल मेरे सबसे बड़े प्रतिस्पर्धी हैं।

#### पिछले मुकाबले में नडाल ने जोकोविच को हराया था

नडाल और जोकोविच पुरुष एकल वर्ग में मौजूदा समय के दिग्गज खिलाड़ी हैं। इन दोनों के नाम ओपन एरा में सर्वाधिक ग्रैंडस्लैम जीतने के रिकॉर्ड दर्ज हैं। हालांकि, जोकोविच सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम जीतने के मामले में नडाल से आगे चल रहे हैं, लेकिन स्पेनिश खिलाड़ी को लाल बजरी का बादशाह कहा जाता है इसलिए इस सतह पर नडाल को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। नडाल की तुलना में जोकोविच ने पिछले कुछ वर्षों में ज्यादा मैच खेले हैं। जोकोविच ओलंपिक से पहले फ्रेंच ओपन के फाइनल में भी पहुंचे थे जहां उन्हें अल्कारेज से हार का सामना करना पड़ा था। नडाल और जोकोविच के बीच पिछली बार 2022 में रोलां गैरों के क्वार्टर फाइनल का मुकाबला खेला गया था जिसमें नडाल ने चार सेटों में जीत दर्ज की थी। जोकोविच और नडाल के फिलहाल जीत हार का रिकॉर्ड 30-29 का है और सर्बियाई खिलाड़ी मौजूदा समय में नडाल से आगे हैं।

# निशानेबाज रमिता जिंदल पदक लाने से चूकीं पोनप्पा-क्रास्टो की जोड़ी को मिली लगातार दूसरी हार



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला निशानेबाज रमिता जिंदल पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में पदक लाने से चूक गईं। दूसरी ओर, बैडमिंटन में अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की महिला युगल जोड़ी को ग्रुप चरण में लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा जिससे यह भारतीय जोड़ी बाहर होने की कगार पर पहुंच गई है।

#### सातवें स्थान पर रहीं रमिता

रमिता जिंदल महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में सातवें स्थान पर रहीं। 20 वर्ष की रमिता ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 145.3 स्कोर किया। वह 10 शॉट के बाद सातवें स्थान पर थीं जब एलिमिनेशन शुरू हुआ। इसके बाद उन्होंने 10.5 का शॉट लगाकर छठा स्थान हासिल किया और नॉर्वे की हेग लीनेट डस्टाड बाहर हो गईं। अगले शॉट पर रमिता बाहर हुईं। रविवार को क्वालिफिकेशन में वह पांचवें स्थान पर रही थीं। हांगझोउ एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता रमिता ने विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता मेहुली घोष और तिलोत्तमा सेन को घरेलू ट्रायल में हराकर पेरिस का टिकट कटाया था।

#### अच्छी शुरूआत को बरकरार नहीं रख सकीं रमिता

रमिता ने अच्छी शुरूआत की थी, लेकिन दूसरी सीरीज में वह पिछड़ गईं जिसके बाद वापसी नहीं कर सकीं। रमिता ने 10.2 शॉट के साथ शुरूआत की थी जिससे वह संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर पहुंच गई थीं और बाहर होने से 0.2 अंक आगे थीं। इसके बाद उन्होंने फिर 10.2 का शॉट खेला जिससे रमिता संयुक्त रूप से छठे स्थान पर खिसक गईं। रमिता ने इसके बाद शूटऑफ में 10.5 का स्कोर किया, लेकिन रमिता की प्रतिद्वंद्वी मुलर ने 10.8 का स्कोर कर खुद को मुकाबले में बनाए रखा। इस तरह रमिता का सफर सातवें स्थान पर रहकर समाप्त हुआ।

#### पोनप्पा-क्रास्टो बाहर होने की कगार पर

भारत की अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी पेरिस ओलंपिक बैडमिंटन महिला युगल में जापान की नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा से हारकर लगातार दूसरी हार के साथ बाहर होने की कगार पर पहुंच गई हैं। भारतीय जोड़ी को 48 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से 21-11, 21-12 से पराजय का सामना करना पड़ा। दुनिया की 19वें नंबर की जोड़ी पोनप्पा और क्रास्टो फिलहाल ग्रुप में जापान और कोरिया के बाद तीसरे स्थान पर हैं। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। अब आखिरी ग्रुप मैच में पोनप्पा और क्रास्टो का सामना ऑस्ट्रेलिया की सेतियाना मोपासा और एंजेला यू से होगा।

# निगम तथा पुलिस विभाग की कांवड़ व्यवस्था को लेकर हुई अहम बैठक

## नगर आयुक्त तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने दूधेश्वर नाथ मंदिर का किया संयुक्त निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांवड़ व्यवस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए नगर निगम तथा पुलिस विभाग संयुक्त रूप से कार्यवाही कर रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार पी की उपस्थिति में अधिकारियों की बैठक हुई। बढ़ती कांवड़ यात्रियों की संख्या को देखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। दूधेश्वर नाथ मंदिर के बाहर बैरिकेडिंग की व्यवस्था को भी बढ़ाया गया। प्रभारी प्रकाश को भी लाइटों के तारों व लाइटों की मरम्मत पर निरंतर नजर बनाए रखने के लिए कहा गया। नगर आयुक्त ने बताया कि लाखों की संख्या में कांवड़ यात्रियों का गाजियाबाद आगमन हो रहा है। कांवड़ महोत्सव उत्साह से मनाया जा रहा है। निगम अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस विभाग भी अपनी व्यवस्थाओं को संभालने में जुटा हुआ है।





### ‘लाइट, बैरिकेडिंग तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाई गई कार्य योजना’



**करंट क्राइम।** मंदिरों के बाहर जलाभिषेक के दिन किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा संतुलित कार्य किए जाने के लिए कांवड़ यात्रियों तथा श्रद्धालुओं के साथ-साथ आम जनमानस का भी ध्यान रखते हुए बेरीकेडिंग को बढ़ाया जा रहा है। प्रकाश व्यवस्था को पूर्ण रूप से सुदृढ़ किया गया है। अतिरिक्त लाइटों से रात्रि के समय भी बेहतर प्रकाश बना रहे यह निर्णय लिया गया है। नगर आयुक्त तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने दूधेश्वर नाथ मंदिर का भी जायजा लिया। मंदिर के बाहर बैरिकेडिंग अपनी उपस्थिति में लगवाई। निगमकर्मियों तथा पुलिसकर्मियों को भी 24 घंटे मौके पर बने रहने के लिए निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान यातायात पुलिस तथा निगम के संबंधित सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिव भक्त कांवड़ियों की सेवा में किया गया भंडारे का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मेरठ मंडल प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष संदीप बंसल का परिवार पिछले 12 वर्ष से निरंतर भंडारे का आयोजन करता रहा है। इस वर्ष भी शिव भक्त कांवड़ियों की सेवा में भंडारे का शुभारंभ सोमवार सुबह 11:00 बजे से शुरू किया गया। इस वर्ष भंडारे में अनेक प्रकार के व्यंजनों द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। पहले दिन का भंडारा वितरण करने वालों में जिलाध्यक्ष संदीप बंसल, जिला कोऑर्डिनेटर प्रेम प्रकाश चीनी, चेयरमैन अनिल गर्ग, संजय गुप्ता, अमन सिसोदिया, संयोजक सोनू सैनी, उपाध्यक्ष अरुण गुप्ता, विनोद अग्रवाल सहित अनेक व्यापारी शामिल रहे।

## हरिद्वार से अपने गंतव्य की ओर जाते हुए कांवड़िये

















# रोटरी गाजियाबाद स्मार्ट सिटी ने किया निःशुल्क कांवड़ व चिकित्सा सेवा शिविर आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी ने 25 जुलाई से 2 अगस्त तक निःशुल्क कांवड़ व चिकित्सा सेवा शिविर, मनन धाम मन्दिर के सामने एवं आशीर्वाद पाइप डिपो प्रा० लि० के निकट, मेरठ रोड पर लगाया।

यह शिविर गाजियाबाद में राष्ट्रीय समाज एवं धमार्थ सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में लगाया गया है। क्लब के सभी सदस्यों के सहयोग से सभी कांवड् भक्तों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा व दवाइयां कुशल डाक्टर्स की देखरेख में एवं भोजन भण्डारा का प्रबन्ध किया गया है। यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध है। इस शिविर में प्रतिवर्ष एक लाख से अधिक कांवड़ियों की निःशुल्क सेवा की जाती है।

### इस अवसर पर इन गणमान्य लोगों की रही उपस्थिति

क्लब के सभी सदस्यों ने इस शिविर में सौहार्दपूर्वक हिस्सा लिया। कांवड़ियों की सेवा भाव से इस आयोजन में अपना सहयोग किया। सोमवार को शिविर में प्रेसीडेंट रो. दीपक कुमार अग्रवाल, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डा. सुभाष जैन, राकेश गुप्ता, देवेन्द्र मित्तल, विकास विक्की शर्मा, साक्षी जिन्दल शर्मा, वैभव गुप्ता, सारंग अग्रवाल, प्रवीन गोयल इत्यादि क्लब सदस्य एवं आचार्य राहुल चतुर्वेदी संस्थापक राष्ट्रीय समाज एवं धमार्थ सेवा संस्थान उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा मार्ग की सफाई व्यवस्था में जुटे निगम कर्मचारी





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कांवड़ यात्रा के दौरान नगर निगम वसुंधरा जोन के सभी शिवालयों और कांवड़ यात्रा मार्ग पर सफाई कर्मचारियों की विशेष तैनाती की गई है। जी रात-दिन सफाई व्यवस्था में लगे है, सभी सभी कावड़ षिविरों में फॉगिंग व एंटी लारवा का विभाग द्वारा छिड़काव किया जा रही है। वसुंधरा जोनल प्रभारी व मुख सफाई इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्रा मार्ग क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर, मैलाथियान डस्ट और चूने का नियमित छिड़काव हो। शिविर क्षेत्रों में एंटी लार्वा छिड़काव और फॉगिंग करवाई जाए। सफाई नायक संदीप कुमार ने बताया कि वसुंधरा जोन के अंतर्गत 17 कावड़ के शिविर लगे है जिन ने सफाई के बाद कूड़ा वहीं आसपास न रहने दिया जाए ताकि कांवड़ियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने कहा है कि सामुदायिक शौचालयों की दिन में दो बार सफाई और सैनिटाइजेशन की व्यवस्था अनिवार्य तौर पर की जाए। 100 कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र की सफाई व्यवस्था की जा रही है वही 8 कुड़े के लगे है। 12 सुपरवाइजर के क्षेत्र में तैनात है जो हर समय नजर रहे है।

## डीवीएफ शिविर





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कनवानी पुलिया पर सोमवार को पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन आईपीएस निमिष पाटिल, सहायक पुलिस आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र दीक्षित आदि ने डिजिटल वालंटियर्स फोर्स के शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वालंटियर्स को जैकेट व अन्य सेफ़्टी समान वितरित किए गए।

# मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि के अवसर पर ‘तुम मुझे यूं भुला न पाओगे’ कार्यक्रम का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रताप विहार स्थित सेवाराम बग्गा अकैडमी ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट्स के तत्वावधान में रविवार को लेजेंड प्लेबैक सिंगर स्वर्गीय मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि के अवसर पर ‘तुम मुझे यूं भुला न पाओगे’ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनसीआर अथवा अन्य राज्यों से अनेक चुने हुए कलाकारों ने भाग लिया और स्वर्गीय मोहम्मद रफी के यादगार गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे संगीतकार कुलदीप संधू, डिंडोरा म्यूजिक के डायरेक्टर डॉ. महेश कुमार व्हाइट, सतीश कुमार, सोनू आदि मौजूद रहे। दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात ‘तुम मुझे यूं भुला न पाओगे’ गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। एक-एक करके सभी कलाकारों ने अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया। संगीत जिमी लुईस उर्फ मोंटू सुप्रसिद्ध गिटारिस्ट एवं उनकी टीम द्वारा दिया गया। कार्यक्रम 5:00 बजे शुरू होकर 9:00 बजे तक चला। आमंत्रित कलाकारों में राजीव चौधरी, एडवोकेट पीयूष शर्मा, टीजे संधू, डॉ. महेश व्हाइट, अनुज प्रजापति के साथ-साथ देवानंद, पत्रकार उमेश कुमार, कुलदीप, विनोद कुमार, आनंद, दुर्गा गुप्ता, प्रिया झा, रवि राज, अनुराग सिंह, जाकिर अब्बासी, अजय कुमार आदि कलाकारों ने भाग लिया।

‘कार्यक्रम का उद्देश्य गाजियाबाद और एनसीआर के कलाकारों को प्रोत्साहित करना।

एस बी रिकॉर्ड्स एकेडमी के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष गायक एवं संगीतकार संजय बग्गा ने की। अकादमी के प्रमुख सदस्य समर्पण बग्गा, पुलकित पाराशर, राहुल प्रजापति, जय भारत, ईशा भारती, आयशा अहमद, राजेंद्र ठाकुर, समीर सैफी, नीलम चौधरी आदि भी शामिल रहे। अंत में सभी कलाकारों को डायरेक्टर संजय बग्गा ने आभार व्यक्त किया एवं आमंत्रित कलाकारों को सर्टिफिकेट के साथ पुरस्कृत किया गया। एसबी रिकॉर्ड्स एकेडमी प्रत्येक महीने इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है जिससे गाजियाबाद और एनसीआर के कलाकारों को प्रोत्साहित किया जा सके।

# हरिद्वार और गंगोत्री से जल लेकर आने वाले शिव भक्तों की सेवा करना ही हमारा मकसद : शिव सेवा समिति मकनपुर



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार से लौटना शुरू हो गया है। कांवड़ियों की सेवा करने के लिए रास्तों में काफी संख्या में शिविर लगाए गए हैं। इन शिविरों में रविवार को कांवड़िए रुके। शिविरों में रुकने, खाने, नहाने सभी की व्यवस्था की गई है। हिंडन नहर रोड वैशाली सेक्टर-3 के पास शिविर लगे हैं। अन्य जगह भी काफी संख्या में शिविर लगे हैं। शिव सेवा समिति मकनपुर के अध्यक्ष पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि वर्ष में दो बार कांवड़ आती है। कांवड़ियों में भगवान भोले का रूप होता है। इनकी सेवा कर काफी पुण्य कमा लेते हैं। सलेक त्यागी, नरेन्द्र त्यागी, विनय, त्यागी, अनिता त्यागी, सोम त्यागी, मदन शर्मा आदि ने बताया कि हर वर्ष हिंडन नहर रोड पर शिविर लगाते हैं। शिविर का मकसद हरिद्वार और गंगोत्री से आने वाले कांवड़ियों की सेवा करना है।

## राजनगर एक्सटेंशन की सोसाइटियों के बेसमेंट की हो जांच



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन में लगभग 50-60 हाई राइज बिल्डिंग हैं। इनके बेसमेंट पार्किंग के लिए जीडीए ने स्वीकृत किए थे। दिल्ली में हुई बेसमेंट की घटना के बाद अब यह शासन प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि राजनगर एक्सटेंशन की सभी सोसाइटियों की जांच करके देखा जाए कि उनका इस्तेमाल स्वीकृति के अलावा अन्य गतिविधियों के लिए तो नहीं किया जा रहा। यदि ऐसा है तो उस पर तुरंत कार्रवाई करके बंद करवाया जाना चाहिए। कोई भी दुर्घटना कहकर नहीं आती। कभी भी किसी तरह की कोई दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी मानवीय लापरवाही से हो सकती है। इससे किसी भी तरह की जान माल की हानि हो सकती है। राजनगर एक्सटेंशन के अलावा और भी जो रिहायशी हाई राइज बिल्डिंग हैं उनकी जांच करवाना भी प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है।

# लोनी से ओयो/गेस्ट हाउस को जड़ से उखाड़ने के लिए 11 अगस्त को रामलीला मैदान में होगी महापंचायत

### आर-पार की लड़ाई, सैकड़ों की संख्या में समाज के प्रबुद्धजनों ने भगवती पैलेस में की बैठक

### आंदोलन समिति के सदस्य जाएंगे सभी पुख्ता सबूत के साथ हाई कोर्ट इलाहाबाद



**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी सोमवार को इंद्रापूरी स्थिति भगवती पैलेस में सर्व समाज एवं जनप्रतिनिधियों, ठत्र्कृ और प्रबुद्ध वर्ग ने लोनी में चल रहे सैकड़ों की संख्या में अवैध ओयो होटल और गेस्ट हाउस के खिलाफ एकत्र होकर मीटिंग की। बैठक में आंदोलन की भविष्य की योजना और रूपरेखा को लेकर बात हुई। बैठक में प्रमुख रूप से मंच संचालन गौरी शंकर पांडे ने किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद गुप्ता पूर्व सभासद, एम एन शास्त्री, राम कुमार शर्मा, प्रमोद कुशवाहा, नौशाद सैफी, सभासद लोनी नगर पालिका, अरुण चतुर्वेदी बी डी सी मेंबर लोनी ब्लॉक आदि सम्मानित व्यक्तियों ने की। नारेबाजी करते हुए बैठक में पहुंचे लोग, लोगों ने कहा आर-पार की लड़ाई में अब जड़ से उखाड़ेंगे ओयो और गेस्ट हाउस सैकड़ों की संख्या में एकत्र हुए विभिन्न समाज के लोगों ने ओयो हटाओ लोनी बचाओ जैसे नारे लगाते हुए बैठक में शामिल हुए।

इस दौरान आंदोलन संयोजक ने कहा बहुत जल्द जिम्मेदारी से भाग रहे अधिकारी अपना काम करेंगे। ओयो माफिया बहुत ताकवर है मैं समझता हूं माफियाओं के दबाव है उनपर लेकिन जनता से बड़ा कोई नहीं होता लोकतंत्र में यह बात उन्हें समझनी चाहिए। 11 अगस्त को सभी समाज के लोगों ने धर्म और जाति और राजनीति से ऊपर उठकर हजारों की संख्या में रामलीला मैदान में होने वाली ऐतिहासिक महापंचायत में पहुंचने की अपील की है। अगर उसके बाद भी यो नहीं हटे तो आमरण अनशन के रास्ते आगे बढ़ना है या फिर हजारों की संख्या में लोगों के साथ दिल्ली मार्च करके आगे बढ़ना है क्योंकि अब यह लड़ाई ओयो बनाम जनता की है। अभियान संचालक को ने अधिकारियों से राइट टू इन्फॉर्मेशन के तहत सूचना मांगी थी कि लोनी में ओयो और गेट्स हाउस की क्या स्थिति है लेकिन अभी तक सूचना नही दी गई है। कोई बात नही यह भी एक सबूत है इन लोगों के खिलाफ सरकार से कार्रवाई की मांग की जाएगी बैठक बहुत अच्छे माहौल में हुई है। भाजपा नेता कुलवीर चौहान, प्रमोद कुशवाहा, नौशाद सैफी, अरुण चतुर्वेदी, प्रमोद गुप्ता सभासद ने कहा लोनी के चेहरे को बिगाड़ दिया है ओयो ने। बाहर से आकर लोनी की छवि खराब कर रहे और युवाओं को गलत रास्ते पर ले जा रहे इन होटलों को अब जड़ से उखाड़कर फेंका जाएगा नतीजे जल्द सामने होंगे। भाजपा नेता एम एन शास्त्री, गौरीशंकर पांडे, जयप्रकाश शर्मा, देवेश दिक्षित, नेगी, हरीश जिन्ना, वेद प्रकाश चौधरी, हरिओम जाटव आदि ने कहा कि यह बहुत ही चिंता की बात है समाज का नैतिक पतन हो रहा है घर बर्बाद हो रहे है। आधा दर्जन एनजीओ के अध्यक्षों ने कहा इस विषय पर लोगों को जागरूक किया जाएगा कि किस तरह इससे समाज का पतन हो रहा है।

इस मौके पर लोनी की खिदमत एवं सेवा समिति ने भी अपना समर्थन आंदोलन को दिया। प्रमुख रूप से जयप्रकाश शर्मा, देवेश दिक्षित, फुरकान, मोहित राजपूत, त्रिवेदी, रामकुमार जाटव, सुरेश ठाकुर, विद्याधर तिवारी, कुमारपाल चौधरी, वरदान भारद्वाज, खुर्शीद आलम सहित सैकडो संख्या में लोनी के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

### रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अमेरिका को चेतावनी-

# जर्मनी में हथियारों की तैनाती की तो होगा शीत युद्ध जैसा तनाव

**सेंट पीट्सबर्ग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर उसने जर्मनी में लंबी दूरी की मिसाइलों को तैनात किया तो इसके जवाब में रूस भी मध्यम दूरी की परमाणु मिसाइलों का उत्पादन फिर से शुरू कर देगा। साथ ही पुतिन ने कहा कि मिसाइलों के उत्पादन के साथ ही उनकी ऐसी जगहों पर तैनाती की जाएगी, जहां से पश्चिमी देशों को निशाना बनाया जा सके। गौरतलब है कि इस महीने की शुरूआत में अमेरिका ने कहा था कि वह जर्मनी में साल 2026 से लंबी दूरी की मिसाइलों को तैनात करना शुरू कर देगा।

अमेरिका ने कहा कि वह जर्मनी में एसएम-6, टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें और हाइपरसोनिक हथियारों की तैनाती करेगा। अमेरिका यह तैनाती नाटो सदस्यों के प्रति अपने समर्पण दिखाने और यूरोप की कथित सुरक्षा के नाम पर कर रहा है।

**पुतिन ने अमेरिका के इस कदम की तुलना साल 1979 में पश्चिमी यूरोप में पर्शिंग-2 मिसाइल लॉन्चर्स की तैनाती से की।**



अब रूस के नौसेना दिवस के मौके पर रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने अमेरिका को चेतावनी दी है। अपने संबोधन में पुतिन ने कहा कि 'अमेरिका शीत युद्ध जैसा मिसाइल संकट फिर से पैदा करने का खतरा मोल ले रहा है। अगर अमेरिका ऐसा करता है तो जर्मनी से रूस के इलाकों पर 10 मिनट में हमला किया जा सकेगा और भविष्य में ये मिसाइलें परमाणु हथियारों से भी लैस की जा सकती हैं।'

पुतिन ने कहा कि अगर अमेरिका ने ऐसा किया तो हम भी उसके जवाब में ऐसा ही करेंगे।

### पुतिन का आरोप- तनाव बढ़ा रहा अमेरिका

रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका जर्मनी में मिसाइलों की तैनाती कर, डेनमार्क और फिलीपींस को टाइफून मिसाइल सिस्टम देकर तनाव को बढ़ा रहा है।

पुतिन ने अमेरिका के इस कदम की तुलना उसके साल 1979 में पश्चिमी यूरोप में पर्शिंग-2 मिसाइल लॉन्चर्स की तैनाती से की। सोवियत संघ के तत्कालीन महासचिव यूरी आंद्रोपोव ने कहा था कि पर्शिंग मिसाइलों की तैनाती अमेरिका की सोवियत संघ को तोड़ने और उसने राजनीतिक और सैन्य तौर पर खत्म करने की साजिश थी। रूसी की नौसेना के दिवस के मौके पर सेंट पीट्सबर्ग में पुतिन ने कहा कि अब फिर से शीत युद्ध जैसे हालात बनाए जा रहे हैं।

पुतिन ने कहा कि इसके जवाब में रूस भी मध्यम दूरी की परमाणु सक्षम मिसाइलों का उत्पादन शुरू करेगा और फिर विचार किया जाएगा कि इन्हें कहां तैनात किया जाए ताकि अमेरिका को जवाब दिया जा सके।

# चार देशों के समूह क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक शुरू

**टोक्यो।** चार देशों के समूह क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक शुरू हो गई है। सबसे पहले भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कई मुद्दों पर बात रखी। उसके बाद अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री ने भी अपनी बात रखी।



जापान के टोक्यो में क्वाड विदेश मामलों के मंत्रियों की बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, 'क्वाड और हमारे संबंधित द्विपक्षीय या यहां तक कि त्रिपक्षीय संबंधों के बीच एक मजबूत बातचीत है। एक मोर्चे पर प्रगति दूसरे को मजबूत करती है और इस तरह क्वाड के महत्व को बढ़ाती है। ये चुनौतीपूर्ण समय हैं। चाहे वह स्थिरता और सुरक्षा हो या प्रगति और समृद्धि, अच्छी चीजें अपने आप नहीं होती हैं। उन्हें भरोसेमंद भागीदारों की जरूरत है, उन्हें अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है। क्वाड दोनों का एक बेहतरीन समकालीन उदाहरण है।'

उन्होंने आगे कहा, 'जब मैंने विशेष उदाहरण दिए हैं तो यह जरूरी है कि हम सभी बिंदुओं को जोड़े। कुल मिलाकर संदेश यह है कि हमारे चार देश एक स्वतंत्र हिंद-प्रशांत के लिए, नियम-आधारित व्यवस्था और वैश्विक भलाई के लिए मिलकर काम कर रहे हैं, जो अपने आप में एक अनिश्चित और अस्थिर दुनिया में एक शक्तिशाली स्थिर कारक है।'

### यह कोई बातचीत की दुकान नहीं

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, 'यह कोई बातचीत की दुकान नहीं है, बल्कि एक ऐसा मंच है जो व्यावहारिक परिणाम देता है। उदाहरण के लिए, हमारी एचएडीआर बातचीत हमारी नौसेनाओं के बीच समझ और एसओपी में दिखाई देती है। क्वाड से निकली इंडो-पैसिफिक मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस पहल आज सूचना संलयन केंद्रों को जोड़ती है। हमने जिसके बारे में बहुत बात की है वो है ओपन आरएएन नेटवर्क, जिसे पलाऊ में तैनात किया जा रहा है। मॉरीशस में जल्द ही एक अंतरिक्ष-आधारित जलवायु चेतावनी प्रणाली शुरू की जाएगी। कोविड के दौरान, हमने इस क्षेत्र के देशों को टीके पहुंचाने के लिए सहयोग किया। क्वाड रळएट फेलोशिप का पहला समूह पास आउट हो रहा है और दूसरा भी आसियान को कवर करेगा।'

### कमला हैरिस को सलमान रुश्दी का समर्थन, कहा-

# ...उनके न जीतने की कोई वजह ही नहीं



**मैं मुंबई का लड़का हूं, और एक भारतीय महिला को लड़ते देखना बहुत अच्छा है।**

**वाशिंगटन।** मुंबई में जन्मे लेखक सलमान रुश्दी ने अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस की उम्मीदवारी का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि हैरिस ही एक वह शख्स हैं, जो पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को देश को अधिनायकवाद की ओर खींचने से रोक सकती हैं।

रुश्दी ने रविवार को एक वर्चुअल साउथ एशियन मेन फॉर हैरिस कार्यक्रम के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति हैरिस के प्रति अपना समर्थन जताया। इस दौरान सांसद, लेखक, नीति विशेषज्ञ, उद्यमी और प्रवासी संगठनों सहित भारतीय-अमेरिकी समुदाय के कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

लेखक ने कहा, 'यह एक महत्वपूर्ण पल है। मैं मुंबई का लड़का हूं और एक भारतीय महिला को व्हाइट हाउस के लिए चुनाव लड़ते देखना बहुत अच्छा है। मेरी पत्नी अफ्रीकी-अमेरिकी हैं, इसलिए हमें यह तथ्य पसंद आया कि एक अश्वेत और भारतीय महिला व्हाइट हाउस के लिए चुनाव लड़ रही है।' गौरतलब है, कुछ दिन पहले यानी 21 जुलाई को 81 साल के जो बाइडन ने चुनावी दौड़ से बाहर होने का एलान कर सबको चौंका दिया था। हालांकि, राष्ट्रपति बाइडन ने 59 साल की कमला हैरिस को अपना समर्थन दिया था। वहीं, 26 जुलाई को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी उनका समर्थन किया है।

# 'मुझे हराया तो दूंगा 10 लाख डॉलर' ट्रंप ने बाइडन को दिया था प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद की रेस लगातार दिलचस्प होती जा रही है। इस साल के अंत में होने वाले चुनावों को लेकर पहले ही रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से ट्रंप और डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से बाइडन ने कमर कस ली थी। हालांकि, ट्रंप के खिलाफ एक खराब डिबेट ने व्हाइट हाउस की इस रेस में बाइडन की मुश्किलें बढ़ा दीं और अंततः उन्हें कमला हैरिस को आगे कर इस दौड़ से पीछे हटना पड़ा। हालांकि, यह डिबेट पहला मौका नहीं था, जब ट्रंप की तरफ से बाइडन को चुनौती मिली। इससे पहले भी ट्रंप ने मौजूदा राष्ट्रपति को गोल्फ के खेल के लिए चुनौती दी थी। इतना ही नहीं ट्रंप ने यह भी कहा था कि अगर बाइडन उन्हें हरा देंगे तो वह उन्हें 10 लाख डॉलर देने के लिए तैयार हैं।



पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में इस पूरे वाकये का खुलासा किया। मिनेसोटा के सेंट क्लाउड में एक रैली के दौरान ट्रंप ने बताया कि उन्होंने बाइडन को गोल्फ के गेम के लिए चुनौती दी थी। ट्रंप ने बताया कि उन्होंने चुनौती दी थी कि बाइडन जिस कोर्स (गोल्फ के मैदान) पर खेलना चाहें, वह वहां खेलने के लिए तैयार हैं और अगर राष्ट्रपति उन्हें हरा देते हैं तो वह 10 लाख डॉलर तक देने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने मजे लेते हुए कहा कि बाइडन के पास उन्हें हराने का कोई मौका ही नहीं था। बाद में राष्ट्रपति ने खुद गोल्फ खेलने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया।

रिपोर्ट्स की मानें तो गोल्फ खेलने को लेकर ट्रंप और बाइडन के बीच चर्चा जून में शुरू हुई थी। यह वही समय था, जब ट्रंप और बाइडन के बीच राष्ट्रपति पद के लिए पहली डिबेट प्रस्तावित थी। ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने हाल ही में गोल्फ में दो क्लब चैंपियनशिप में जीत हासिल की है और दो रेगुलर क्लब क्राउन्स को भी हासिल किया है। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता को लेकर दावा करते हुए उन्होंने कहा कि वह अभी भी लंबी दूरी के शॉट मारने की क्षमता रखता हैं और उनमें गेम के लिए जरूरी स्मार्टनेस भी है। बाइडन पर तंज कसते हुए ट्रंप ने तब कहा कि राष्ट्रपति अब गेंद को 50 याड्र्स तक भी नहीं पहुंचा सकते।

# निकोलस मादुरो तीसरी बार चुने गए वेनेजुएला के राष्ट्रपति, विपक्ष ने लगाए धांधली के आरोप

**काराकास।** वेनेजुएला में हुए राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर निकोलस मादुरौ की सत्ता में वापसी हुई है और वह लगातार तीसरी बार वेनेजुएला के राष्ट्रपति चुने गए हैं। हालांकि विपक्ष ने चुनाव में धांधली के आरोप लगाते हुए नतीजों पर सवाल उठाए हैं। वेनेजुएला में राष्ट्रपति चुनाव के लिए रविवार को मतदान हुआ था। देश के विभिन्न मतदान केंद्रों पर लोगों की भारी भीड़ देखी गई थी और करीब दो करोड़ पंजीकृत मतदाताओं ने राष्ट्रपति चुनाव में मतदान किया था।



**विपक्ष अपनी जीत को लेकर था आश्वस्त :** वेनेजुएला के चुनाव आयोग नेशनल इलेक्टोरल काउंसिल के प्रमुख एल्विस एमोरोसो ने बताया कि निकोलस मादुरो को 51 प्रतिशत वोट मिले। वहीं विपक्ष के नेता एडमुंडो गोंजालेज को 44 प्रतिशत मत मिले। विपक्ष अपनी जीत को लेकर इतना सुनिश्चित था कि चुनाव नतीजे आने से पहले ही विपक्ष के नेताओं ने सोशल मीडिया पर जीत के दावे करना और जीत का जश्न मनाना शुरू कर दिया था। एग्जिट पोल्स के नतीजों में भी गोंजालेज को बड़े अंतर से जीतता हुआ बताया गया था, जिससे विपक्ष के हौसले बुलंद थे। हालांकि जैसे ही नतीजे सामने आए तो विपक्ष हैरान रह गया। विपक्ष चुनाव में धांधली का आरोप लगा रहा है।

**निकोलस मादुरो को मिली थी कड़ी चुनौती :** मौजूदा राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को इस चुनाव में एकजुट विपक्ष से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा था। विपक्ष ने चुनाव प्रचार के दौरान वादा किया था कि वे बीते एक दशक से जारी आर्थिक संकट को दूर करेंगे। वेनेजुएला में आर्थिक संकट के चलते करीब 70 लाख लोग देश छोड़कर अन्य देशों में बस चुके हैं।74

### अमेरिका ने उठाए मादुरो की जीत पर सवाल

**काराकास।** अमेरिका की सरकार ने वेनेजुएला के चुनाव नतीजों पर चिंता जाहिर की है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका वेनेजुएला के चुनाव नतीजों को लेकर चिंतित है। ब्लिंकन ने कहा कि 'नतीजों में निकोलस मादुरो को विजेता घोषित किया गया है, लेकिन हमें चिंता है कि ये चुनाव नतीजे सही नहीं हैं। घोषित चुनाव नतीजे वेनेजुएला के लोगों के इच्छा को प्रदर्शित नहीं करते हैं।' चुनाव नतीजे जारी होने से पहले भी ब्लिंकन ने कहा था कि वेनेजुएला में चुनाव नतीजे निष्पक्ष और पारदर्शी होने चाहिए।'

बता दें कि वेनेजुएला में विपक्ष ने चुनाव नतीजों में धांधली के गंभीर आरोप लगाए हैं। गौरतलब है कि एग्जिट पोल्स के नतीजों में विपक्ष को बहुमत मिलने का दावा किया गया था, जिसके बाद विपक्षी नेताओं और उनके समर्थकों ने जीत का जश्न भी मनाना शुरू कर दिया था।

# इस्राइल ने हिजबुल्ला पर रात भर बरसाए रॉकेट

### नेतन्याहू बोले- हमले की कीमत चुकानी होगी



**तेल अवीव।** गोलन हाइट के फुटबॉल मैदान पर हुए रॉकेट हमले से भड़के इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हिजबुल्ला को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। इस बीच जवाबी कार्रवाई करते हुए इस्राइल ने शनिवार को पूरी रात हिजबुल्ला के ठिकानों पर रॉकेट बरसाए। इस्राइल के कब्जे वाले गोलन हाइट के फुटबॉल मैदान पर हुए रॉकेट हमले में 12 बच्चों व किशोरों की मौत हो गई थी, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हुए थे।

**दक्षिण गाजा के भीतरी हिस्से में घुसे टैंक, 66 की मौत**

लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के साथ लड़ाई शुरू होने के बाद से इस्राइल की उत्तरी सीमा पर यह सबसे घातक हमला माना जा रहा है। उधर, हिजबुल्ला ने हमले से इन्कार किया है। इस्राइली सेना ने कहा, वायुसेना ने रातभर लेबनानी क्षेत्र के भीतर व दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के कई आतंकी ठिकानों पर हमले किए। इनमें चब्रिहा, बोरज एल चमाली, बेका, कफर किला, रब एल थलाथीन, खियाम व तायर हरफा क्षेत्र में स्थित हथियारों के भंडार व आतंकी बुनियादी ढांचे शामिल रहे।

हिजबुल्ला के मुख्य प्रवक्ता मोहम्मद अफीफ ने कहा कि समूह हमले से साफ इन्कार करता है। हिजबुल्ला का किसी हमले से इन्कार करना असामान्य बात है। दूसरी तरफ, इस्राइली सेना ने कहा कि उसके विश्लेषण के अनुसार, रॉकेट दक्षिणी लेबनान के चेबा गांव के उत्तर में स्थित क्षेत्र से दागा गया था।

नेतन्याहू फिलहाल अमेरिका दौरे पर हैं। उनके कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री जल्द से जल्द अमेरिका से स्वदेश लौट रहे हैं। हालांकि, उसने इसका समय नहीं बताया। नेतन्याहू इस्राइल पहुंचने के बाद सुरक्षा कैबिनेट की बैठक करेंगे।

**हिजबुल्ला का 3 लड़ाकों के मारे जाने का दावा :** गोलन हाइट पर हमले से पहले शनिवार को सीमा पार हिंसा हुई थी, जिसमें हिजबुल्ला ने उसके तीन लड़ाकों के मारे जाने की बात कही थी। हालांकि, उसने यह नहीं बताया कि यह हिंसा कहां हुई।

इस्राइली सेना ने दक्षिणी गाजा के भीतरी हिस्सों में टैंक भेजे हैं। टैंक दक्षिणी गाजा के खान यूनिस के पूर्व में स्थित अल-करारा, अल-जन्ना व बानी सुहैला शहरों में अंदर तक घुस गए हैं।

# छह देशों के राजनेताओं पर चीन का दबाव बैठक में न जाने के लिए संदेश और फोन कॉल

**बीजिंग।** ताइवान में आयोजित होने वाले शिखर सम्मेलन में अन्य देशों की प्रतिभागिता कम करने की चीन कोशिश कर रहा है। हाल ही में कई देशों ने जानकारी दी है कि चीन के राजनयिक कुछ देशों पर ताइवान में आयोजित होने वाले शिखर सम्मेलन में शमिल न होने का दबाव डाल रहे हैं। चीन की ओर से लगातार कॉल और मैसेज भेजे जा रहे हैं।

चीन के राजनयिक बोलीविया, कोलंबिया, स्लोवाकिया, उत्तरी मैसीडोनिया, बोस्निया और हजेर्गोविना समेत कम से कम छह देशों के राजनेताओं पर ताइवान में होने वाले शिखर सम्मेलन में भाग न लेने का दबाव डाल रहे हैं। इसमें एक अन्य एशियाई देश भी शामिल है। इन देशों के नेताओं ने कहा कि उनके पास ताइवान में होने वाली बैठकों के संबंध में संदेश और फोन कॉल आ रहे हैं, जिसमें उनसे पूछा जा रहा है कि क्या वे ताइवान की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं।



इन नेताओं ने चीन की इस हरकत को स्वशासित द्वीप को अलग-थलग करने का प्रयास बताया। कहा जा रहा है कि ताइवान की यात्रा से टकराव पैदा होंगे। शिखर सम्मेलन सोमवार से शुरू हो रहा है। इसे अंतर-संसदीय गठबंधन की ओर से आयोजित किया जा रहा है।

# 'इमरान की जल्द रिहाई न होने पर अगले महीने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन', पीटीआई ने दी चेतावनी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने पार्टी के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के एक साल पूरे होने पर अगले महीने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। पीटीआई ने पाकिस्तान सरकार को विरोध प्रदर्शन की चेतावनी देते हुए इमरान खान की तत्काल रिहाई की मांग की है।



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जो कि पिछले साल 5 अगस्त को लाहौर में उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया था। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने उनके खिलाफ सरकारी खजाने से मिले उपहारों की बिक्री छिपाने के आरोप में दर्ज किया था। उन्हें तोशाखाना मामले में दोषी ठहराया गया था। वो पिछले एक साल में जेल में बंद हैं, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ कर रही है। पार्टी ने रविवार को घोषणा की है कि अलगे महीने उनको गिरफ्तार हुए एक साल हो जाएगा, वे उनकी रिहाई के लिए अगले महीने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी।

नेशनल असेंबली के पूर्व स्पीकर असद कैसर ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के बारे में अंतिम फैसला पार्टी की बैठक में किया जाएगा। हालांकि वे 5 अगस्त को पूरे देश में बड़े प्रदर्शन करने की योजना बना रहे हैं।

# खैबर पख्तूनख्वा में कबायली समूहों में खूनी झड़प

### 36 लोगों की मौत, 162 घायल

**कल रात चार जगहों पर गोलीबारी हुई, जिसमें कई लोग हताहत हुए सभी शैक्षणिक संस्थान और बाजार बंद रहे, जबकि मुख्य सड़कों पर यातायात बंद रहा।**



**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अशांत कुर्रम जिले में जमीन के एक टुकड़े को लेकर दो जनजातियों के लोगों के बीच झड़पें हुईं। जिसमें कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई और 162 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि ऊपरी कुर्रम जिले के बोशेरा गांव में पांच दिन पहले भारी झड़पें शुरू हुई। यहां अतीत में जनजातियों और धार्मिक समूहों के बीच घातक संघर्ष के साथ-साथ सांप्रदायिक झड़पें और आतंकवादी हमले भी हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि अफगानिस्तान की सीमा सटे खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले में पिछले पांच दिनों में कबायली संघर्ष में 36 लोगों की मौत हुई। 162 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि कबायली बुजुर्गों, सैन्य नेतृत्व, पुलिस और जिला प्रशासन की मदद से अधिकारियों ने कुछ देर पहले बोशेरा, मालिखेल और डांडर इलाकों में शिया और सुन्नी समूहों के बीच झड़पों को रोकने में मध्यस्थता की। हालांकि, जिले के कुछ अन्य हिस्सों में अभी भी गोलीबारी जारी है।

**जिले के कुछ अन्य हिस्सों में अब भी गोलीबारी जारी है**

एक अधिकारी ने कहा कि शेष क्षेत्रों में भी झड़पों को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। चार दिन पहले जमीन विवाद को लेक दो जनजातियों के बीच झड़पें शुरू हुईं। ये झड़पें पीवर, टांगी, बालिशेल, खार कले, मकबल, कुंज अलीजई, पारा चमकानी और करमन सहित अन्य क्षेत्रों में फैल गईं।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि दोनों जनजातियों के लोग एक-दूसरे पर मोर्टार और रॉकेट लांचर सहित अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कुर्रम कबायली जिले के मुख्य शहर पाराचिनार और साद्दा में भी मोर्टार और रॉकेट दागे गए।

एक अधिकारी ने बताया कि कल रात चार जगहों पर गोलीबारी हुई, जिसमें कई लोग हताहत हुए सभी शैक्षणिक संस्थान औ बाजार बंद रहे, जबकि मुख्य सड़कों पर यातायात बंद रहा। अधिकारियों ने बताया कि प्रभावित इलाकों में पुलिस और सुरक्षा बलों की भारी टुकड़ियां तैनात की गई हैं।

# जमात-ए-इस्लामी के 35 सदस्यों को रिहा करेगी पाकिस्तानी सरकार

### बिजली के बढ़ते बिलों के खिलाफ कर रहे थे प्रदर्शन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने हिरासत में लिए गए जमात-ए-इस्लामी (जेआई) के 35 सदस्यों को रिहा करने का एलान किया। दक्षिणपंथी इस्लामी पार्टी के इन सदस्यों को हाल ही में तब गिरफ्तार किया गया था, जब वे बिजली के आसमान छूते बिलों और बढ़ते करों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। सरकार ने उन्हें इसलिए रिहा करने का फैसला किया है, ताकि उन्हें अपना प्रदर्शन समाप्त करने के लिए राजी किया जा सके।



सरकार ने पार्टी की मांग पर गौर करने के लिए एक तकनीकी समिति का भी गठन किया। जेआई बिजली और कर वृद्धि के मुद्दों पर रावलपिंडी के मुर्री रोड के लियाकत बाग इलाके में शुक्रवार से धरना दे रही थी। सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने कहा कि जेआई के साथ पहले दौर की बातचीत के बाद सरकार जेआई के 35 समर्थकों को रिहा कर रही है। पार्टी ने उनको रिहा करने की मांग की थी। उन्होंने कहा, हमने उन्हें तत्काल रिहा करने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार पहले से ही जेआई प्रतिनिधिमंडल की ओर से पेश की गई कई मांगों से सहमत है। तरार ने जेआई के उप प्रमुख लियाकत बलूच के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के बाद यह घोषणा की।




# फिक्की उप्र चैप्टर के चेयरमैन नीरज सिंह ने किया मोहनगर में कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** फिक्की उप्र चैप्टर के चेयरमैन नीरज सिंह व महंत मरघट हनुमान मंदिर जमुना बाजार दिल्ली पंडित वैभव शर्मा ने सोमवार को मोहनगर स्थित भाजपा महानगर युवा मोर्चा द्वारा तीसरे कांवड़ शिविर का उद्घाटन किया। नीरज सिंह ने कहा कि अतिथि देवो भवः परम्परा के सर्वोत्तम उदाहरण के रूप मोहनगर में हजारों श्रद्धालुओं ने शिवभक्तों के लिए शिविर का आयोजन किया है। इन शिविरों में संचालक भाजपा युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में बड़े ही श्रद्धा भाव से शिविर में कांवड़ियों की सेवा पर धर्म लाभ उठाते हैं। कांवड़ यात्रा हिंदू धर्म की एक बड़ी धार्मिक यात्रा है। उन्होंने आगे कहा कि कांवड़ियों की सेवा के इस पुण्य कार्य में आगे बढ़कर धर्म लाभ कमाएं। महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढ़ा ने बताया कि इस कांवड़ शिविर कैंप में शिव भक्तों के लिए निःशुल्क दवा एवं भंडारे की व्यवस्था की गई है एवं शिविर कांवड़ यात्रा के अंतिम दिन तक निरंतर चलेगा रहेगा।

इस अवसर पर भाजपा नेता अशोक मोगा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज, एससी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष अनिल कल्याणी, पार्षद पप्पू नागर, पार्षद राहुल शर्मा, पार्षद मदन राय, मंडक अध्यक्ष सुधीर त्यागी, मंडल अध्यक्ष डब्बी कसाना मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी, महानगर महामंत्री युवा मोर्चा नितिन शर्मा, पूर्व पार्षद अतर सिंह, पार्षद रवि भाटी, कालीचरण पहलवान, महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी, महानगर कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, महानगर मंत्री दीपक शर्मा, रंजन चौधरी, नितिन त्यागी, पंकज लड्डू, अरुण भड़ाना, दीपक मंडल, अनुज कसाना उपस्थित रहे।

## यूथ आइकॉन नीरज सिंह ने किया कांवड़ शिविर का उद्घाटन, शिव भक्तों को मिलेगी हर तरह की सुविधा




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शिव सेवा समिति कनावनी कांवड़ शिविर का फिक्की उप्र चैप्टर के चेयरमैन नीरज सिंह ने रविवार को फीता काट कर उद्घाटन किया। समिति के अध्यक्ष प्रवीण नागर ने बताया कि 2 जुलाई तक कांवड़ शिविर संचालित रहेगा। शिविर स्थल पर वाटर प्रूफ भव्य टेंट के साथ कांवड़ियों लिए देशी घी में भण्डारे की व्यवस्था की गई है। तवे की रोटियां (चपाती) प्रतिदिन अलग-अलग सब्जियों के साथ तथा स्वीट्स की भी व्यवस्था की गई है। कांवड़ सेवा शिविर के शुभारंभ के दौरान फिक्की उप्र चैप्टर के चेयरमैन नीरज सिंह ने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के साथ मोबाइल चार्जिंग, कांवड़ियों के लिए स्नानघर और शौचालय की व्यवस्था देखकर उन्होंने समिति के पदाधिकारियों की सराहना की। इस अवसर पर सतीश नागर, कुलदीप नागर, फत्ते नागर, ओमप्रकाश नागर, शुभम, अजब सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## यूथ आइकॉन नीरज सिंह ने किया शिव धाम कांवड़ सेवा कैंप का उद्घाटन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डिफेंस कलोनी के सामने सोमवार को भोपुरा में यूथ आइकॉन फिक्की उत्तर प्रदेश चैप्टर के चेयरमैन नीरज सिंह ने शिव धाम कांवड़ सेवा कैंप का उद्घाटन किया। इस दौरान हेमलता शर्मा (पूर्व पार्षद), आलोक शर्मा (अध्यक्ष व्यापार मंडल), बिट्टू चौधरी, प्रेम पाल यादव, टीटू कसाना, प्रमोद सोनी, पिंटू त्यागी, सुरेंद्र पवार, आशीष मित्तल, अखिलेश गंगवार, संदीप पंडत, धर्मेंद्र पांडे, अतुल गुप्ता, आशुतोष शर्मा, कालीचरण पहलवान, डब्बी पहलवान, दीपक ठाकुर आदि मोजूद रहे।

# नगर आयुक्त के नेतृत्व में संपत्ति विभाग की कार्रवाई तेज, अवैध कब्जों पर नंदग्राम में चला निगम का बुलडोजर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में लगातार गाजियाबाद नगर निगम संपत्ति विभाग द्वारा निगम की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जा रहा है। इसी क्रम में देखने में आया है नंदग्राम स्थित घुकना में निगम की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को रोका गया तथा बुलडोजर से अवैध निर्माण को हटाया भी गया है।



### 'सीसीटीवी कैमरे की मदद से निगम ने की दोषी की पहचान एवं करवाई एफआईआर दर्ज'

भू माफिया के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के आदेश नगर आयुक्त ने टीम को दिए तथा सीसीटीवी कैमरे की मदद से जानकारी लेते हुए दोषी के खिलाफ प्राथमिक की भी दर्ज कराई गई है। इसी प्रकार मेरठ रोड पर भी अवैध निर्माण को रोकते हुए कार्यवाही की गई है। वरिष्ठ संपत्ति प्रभारी अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देशानुसार निगम की भूमि को चिह्नित किया जा रहा है जिसके लिए अवैध निर्माण को हटाने की कार्यवाही भी चल रही है। घुकना में खसरा नंबर 376 पर अवैध निर्माण को मौके से हटाया गया। धारा सिंह पुत्र कन्हैया लाल निवासी सहानी द्वारा निगम की भूमि पर गाजियाबाद नगर निगम का लगा हुआ बोर्ड हटाकर अवैध रूप से कमरा बना लिया गया था जिसकी सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई की गई। लगभग 1640 वर्ग मीटर जमीन पुनः खाली कराई गई, एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

### 'निगम की भूमि पर चारदीवारी अथवा तारबंदी के दिए निर्देश'

इसी क्रम में एक प्रकरण दुहाई मेरठ रोड का है जहां पर आधुनिक इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एवं रिसर्च ने नाली चक रोड की जमीन को



कब्जाते हुए बाउंड्री करने का प्रयास किया, जिसको संपत्ति अधीक्षक व अन्य टीम में जाकर रोका तथा बाउंड्री को हटाया गया। नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग को भी निगम की रिक्त भूमि पर तारबंदी तथा चारदिवारी करने के निर्देश जारी किए हैं। मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी व अन्य संबंधित टीम को एक माह में समस्त निगम की भूमि पर जो कि संपत्ति विभाग द्वारा रिक्त कराई गई है बाउंड्री करते हुए कब्जे में लेने के निर्देश दिए हैं। घुकना के अंदर रिक्त कराई हुई भूमि पर पुनः गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अपना बोर्ड लगाया है। संपत्ति विभाग द्वारा विशेष कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जे को रुकवाया जा रहा है जो कि निगम का सराहनीय प्रयास है।

## उत्तर प्रदेश बास्केट बॉल लीग : दूसरा दिन

# अनुशासन और खेल भावना आपको शिखर पर ले जाएगी : सांसद अतुल गर्ग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश बास्केट बॉल एसोशिएशन ने 27 जुलाई से 2 अगस्त तक बास्केट बॉल लीग का आयोजन नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद के प्रांगण किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अतुल गर्ग, डॉ. सीमा शर्मा, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बास्केट बॉल एसोशिएशन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त आलोक गर्ग, गौरव गर्ग, अजय जैन, गुलशन भाभरी, जोगिंदर सिंह, संजीव मलिक, अंजुल अग्रवाल, सचिन वत्स, वरुण गौड़, अखिल अग्रवाल, अवि मलिक, पार्षद अमित त्यागी, डॉ. अरुणाभ सिंह व केपी सिंह कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### 'अतिथियों का स्वागत शाल पहनाकर व पुष्प देकर किया गया'

डॉ. सीमा शर्मा, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बास्केट बॉल एसोशिएशन ने कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा की। मुख्य अतिथि के रूप में अतुल गर्ग ने अपने सम्बोधन में खिलाड़ियों को अनुशासन का महत्व समझाया व खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया।

### '28 जुलाई को कुल 3 मैच खेले गए'

**पहला मैच :** अलीगढ़ ड्रिब्लर्स, अलीगढ़ व ए.एस.पी. फिटनेस लखनऊ के बीच खेला गया जिसमें लखनऊ ने 74-68 से अलीगढ़ को परास्त किया।
**दूसरा मैच :** भारतीय वारियर्स गाजियाबाद को देवभूमि लायंस रामपुर से 92-64 से शिकस्त मिली।
**तीसरा मैच :** दी स्पोर्ट्स हब कानपुर ने शुभम स्मैशर्स मेरठ को 77-69 से हराया।
अभी टीमों के बीच में लीग मैच खेले जा रहे हैं। सोमवार को भी सायं 4:30 से रात्रि 10 बजे तक 3 मैच खेले जाएंगे।

# कांवड़ियों के वेशभूषा में असामाजिक तत्त्व मचा रहे तांडव : अजय गुप्ता




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सावन का महीना बहुत ही पवित्र होता है। कुछ असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों ने कांवड़ की परिभाषा ही बदल दी है। इनका आतंक इतना बढ़ गया है कि प्रशासन भी इनके आगे बौना साबित होने लगा है। कांवड़ियों का कांवड़ मार्ग पर निजी व पब्लिक वाहनों में तोड़-फोड़ करना, चालक और सवारियों के साथ मारपीट करना, पुलिस की पैट्रोलिंग जिप्सी को क्षतिग्रस्त करना, पुलिस प्रशासन पर पथराव कर जबरन मार्ग को अवरुद्ध करना आदि।



### 'उपद्रवियों और असामाजिक तत्वों की पहचान जरूरी'

क्या यही सनातन धर्म की परिभाषा है। धर्म की आड़ में यह कैसा अधर्म! सरकार को अविलम्ब तत्काल प्रभाव से इन कांवड़ियों के बीच में छुपे हुए उपद्रवियों और असामाजिक तत्वों की पहचान कर सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। कांवड़ के प्रति लोग की आस्था बनी रहे, यह जरूरी है। प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं द्वारा जगह-जगह कांवड़ियों के लिए बेहतर व्यवस्था की जाती है। पर कुछ सामाजिक तत्वों की करतूतों ने आस्था से कांवड़ लाने वालों पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। यही हाल रहा तो कोई बड़ी घटना घट सकती है। सरकार और प्रशासन से अनुरोध है, ऐसे लोगों पर अंकुश लगाया जाए।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा इन दिनों गुजरात में तीर्थ यात्रा पर हैं। सोमनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की ओर इस पल को फेसबुक पर साझा किया। आस्था श्रद्धा भक्ति की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## पौधा वितरण





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। माया ममता चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष ममता गुप्ता और सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने संगीत के जरिए पर्यावरण का अनूठा संदेश दिया। ललित जायसवाल द्वारा पीपल, अशोक आदि के पौधे वितरित किये गये। लोगों ने मधुर स्वर में गीत गाये और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर राकेश गुप्ता, अतुल आनंद, मनीष शुक्ला, रजनीश अवधेश शर्मा, संध्या गांधी, विजय सिंह, विक्टर, श्याम वीर सिंह, बंटी गुप्ता, सुषमा गुप्ता, प्रदीप गोयल, नीलम गोयल, विनोद भारद्वाज, दीपक गोयल, रमाकांत वत्स आदि मौजूद थे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम उठते सवालों का करंट




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने देखा पंजाबी समाज लगातार भर रहा है अपनी ताकत की हुंकार? वजह स्पष्ट है कि हो इस बार बिरादरी के किसी चेहरे का उपचुनाव में विचार? मिले उसको भी चुनाव का मौका? समाज की चाहत है कि भाजपा से ही लगे किसी चेहरे का चौका? मगर हम जब भी डालते हैं समाज की मीटिंग पर नजर? कोई भी भगवा दावेदार किसी भी मीटिंग में नहीं देता है अपने दीदार? कहने वाले ने कहा जब समाज की ताकत पर टिकट लेने की इच्छा है? तो फिर क्यों दूरियों का संकेत दिया जा रहा है बार-बार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आने वाला शहर विधानसभा उपचुनाव ना जाने क्या-क्या दिखायेगा रंग? टिकट पाने के लिए हर दावेदार लड़ रहा है अंदरखाने जोरदार जंग? अब इस जंग में पूर्व एमएलसी मुकुल उपाध्याय ने भी भर दी है हुंकार? दूधेश्वर नाथ मंदिर में उन्होंने बाबा के सामने इच्छा प्रकट कर दी है बेशुमार? दर्शन करने के बाद उपाध्याय जी ने मिलाए हैं अपने कई जानकारों को फोन? कहा है अब हमारे भी जगह जगह मीटिंग कराओ? हमने रख दी है अपनी इच्छा बड़े चेहरों के निकट? हमे पूरी उम्मीद है कि इस चुनाव में हो जायेगा इस बार हमारा टिकट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** किंग सिटी के पूर्व शर्मा कमिश्नर की शांति को आप हल्के में ना ले जनाब? सुना है भगवा होने के बाद अब पूरा होने वाला है उनका ख्वाब? नामित वाली दौड़ में बहुत मजबूती से चल रहा है लखनऊ के गलियारों में उनका नाम? जिनके आस-पास जल की धारा वाले रहते हैं पूरी मजबूती से मौजूद? सुना है उन्हीं चेहरों ने लखनऊ में पहुंचाया है शर्मा जी का नाम? देखना होगी इस नाम की नामित वाले मामले में घोषणा? लिस्ट भले ही सुबह आये या फिर घोषणा हो इन शाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही नीचे मच रहा हो पांचवे कैंडीडेट के तौर पर राजीव शर्मा के नाम पर शोर? मानने वाले इसे मान रहे हों फाऊल घनघोर? मगर ऊपर के गलियारों में हो रही है राजीव भैया के नाम पर पॉजिटिव चर्चा? कहने वाले यही कह रहे हैं कि अगर वो अचानक मैदान में ना कूदते? तो फिर जिनके खिलाफ रहती है पार्टी की मुहीम? उनमें से ही कोई चेहरा भर देता पर्चा? कहने वाले ने कहा अब जब चुनाव होंगे, तब मजबूती से आयेगा राजीव भैया का नाम? आखिर उन्होंने किया हुआ है अपने पास पूरी तरह से वोटों का इंतजाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** प्रेस वाले कार्यक्रम में चौधरी साहब के मंच पर थे तीन महानमंत्री मौजूद? चौथे भी कार्यक्रम में ही थे मगर मंच पर नहीं दिखाया उन्होंने अपना वजूद? कहने वाले ने कहा यहां पर हमें नजर आ रहा है चोटी वाले पदाधिकारी को लेकर डाउट? शायद उनकी मौजूदगी का रहा है सारा सिला? चाहते तो चौथे महानमंत्री भी मंच पर चले जाते? मगर यहां पर वरिष्ठता और प्रोटोकॉल का था सारा सिलसिला? जिनको मिलना चाहिए था हकीकत में मंच पर स्थान? किसी के लगाव में उनको वो नहीं मिला?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के मिस्टर रेड्डी ने अपनी शहर विधानसभा की दावेदारी को कर दिया है स्टेडी से गो? अब वो विधायक बनने के लिए लगा रहे हैं पूरी ताकत से फ्लो? दे रहे हैं वो अपने खास चेहरों में तर्क? कह रहे हैं मैं पार्टी का सबसे पुराना कार्यकर्ता हूं? मैं हूं शहर सीट से मजबूत दावेदार? भले ही मेरी दावेदारी से किसी को पड़े कुछ भी फर्क? मैंने हैवीवेट वालों के यहां भी लगा दी है अपनी अरदास? कह दिया है मेरे मामले में गोमती मत हो जाना? एक कार्यकर्ता को टिकट दिलाने के लिए आपको अब इंटरेस्ट दिखाना होगा?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब से नदिया पार के मैम्बर भाटी जी ने देखी है मंडल अध्यक्षों की लोकसभा में मौजूदगी वाली तस्वीर? सुना है तब से उनके दिल में भी जग गये हैं यहां पर जाने के अरमान? हमने देखा उन्होंने खुलकर रख दी अपने दिल की बात? जब सांसद जी थे मंत्री जी के सामने विराजमान? मैम्बर भाटी ने कहा मंडल अध्यक्षों के साथ आप हमारी भी करो इस मामले में केयर? तब सांसद ने कहा आपको लेकर जरूर मैं लोकसभा के भ्रमण पर जाऊंगा? क्योंकि आप जैसा कार्यकर्ता मिलता है बहुत ही रेयर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब यूथ आईकॉन नीरज भैया आते हैं गाजियाबाद? तब कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का आ जाता है सैलाब? कहने वाले ने कहा इस सैलाब ने कुछ ज्यादा ही डाला है काली चरण जी पर असर? वो भैया के आस पास अंगद के पैर की तरह जम जाते हैं? फिर कोई भी उन्हें हटा नहीं पाता? नहीं छोड़ते हैं मिस्टर चरण कोई भी कसर? कहने वाले ने कहा कालीचरण भैया को कार्यकर्ताओं की भावनाओं का रखना चाहिए ख्याल? अगर वो ऐसे ही डटे रहेंगे तो फिर बाकी कार्यकर्ता कैसे पायेंगे भैया जी का प्यार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम देख रहे थे युवा वाले डेढ़ा भैया ने इस बार कांवड़ शिविर कैम्प का उद्घाटन किया जोरदार? कैम्प में यूथ आईकॉन नीरज सिंह की मौजूदगी से मामला और भी हो गया था शानदार? बावजूद इसके मिस्टर डेढ़ा अपने यार आशीष का कर रहे थे इंतजार? कह रहे थे हमारा भाई चौधरी साहब के आने पर एकदम एक्टिव हो जाता है? लेकिन जब आती हैं हमारी बारी, तो आ जाता है उसकी तबियत में विकार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर हम विधानसभा उपचुनाव को लेकर मैरिट के आधार पर करेंगे वैश्य चेहरों की चर्चा? तो यहां पर पूर्व पार्षद एवं पूर्व क्षेत्रीय पदाधिकारी पवन गोयल का मजबूत दिखाई देगा पर्चा? जब पर्चे पर लगायेंगे हम उनकी सक्रियता का हिसाब? तब पवन गोयल की राजनीतिक सक्रियता से भर जायेगी पूरी किताब? ये चेहरा भी करता है चुनाव के लिए 100 प्रतिशत डिजर्व? देखना अब ये है कौन रखेगा इनकी सक्रियता का हिसाब?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**